सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 251, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 119 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। } 14

## पांच साल में वाहन उद्योग को शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाने के लिए काम कर रही है। } 16



# भारत के 'नो हैंडशेक' पर तिलमिलाया पाक


### मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को हटाने की मांग, टूर्नामेंट से बायकाट की धमकी

एजेंसी

दुबई। भारतीय टीम के एशिया कप मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने के फैसले को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया और पीसीबी ने खीझकर मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को इसके लिये जिम्मेदार ठहराते हुए हटाने की मांग की।

- पीसीबी ने क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को किया निलंबित

वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम के बहिष्कार से बौखलाए पाकिस्तान ने अपने ही अधिकारी पर गाज गिरा दी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। उधर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रविवार को सात विकेट से ...शेष पृष्ठ 14 पर



# भयमुक्त व्यापार का नया केन्द्र बना यूपी : योगी

- लखनऊ में सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव का समापन
- उप्र में 17 हजार से अधिक स्टार्टअप
- 8 यूनिकॉर्न भी शामिल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में विभिन्न स्टार्टअप उत्पादों का अवलोकन किया और अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को सबके सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ वर्षों में सुरक्षा का उत्कृष्ट वातावरण दिया है। फियरलेस बिजनेस का केंद्र उत्तर प्रदेश बन चुका है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी यूपी आज अग्रणी है। अब ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस यूपी की नई पहचान है। व्यवसाय के लिए सुरक्षा, सुगमता और मजबूत इको सिस्टम जरूरी है और यह तीनों आज उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केवल नीतियां नहीं बना रही, बल्कि युवाओं, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के विचारों को पंख दे रही है। सरकार हर योग्य स्टार्टअप के साथ खड़ी है। हम प्रयोगशाला से उद्योग तक युवाओं का साथ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर शोध उत्पाद बने, हर उत्पाद उद्योग बने और हर उद्योग भारत की शक्ति बने। यही विकसित भारत और विकसित यूपी का मंत्र है। सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कॉन्क्लेव लखनऊ में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि यहां चारों केंद्रीय प्रयोगशालाओं- एनबीआरआई, सीडीआरआई, आईआईटीआर और सीमैप के निदेशकों ने भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक में जितना निवेश होगा, समाज उतना प्रगतिशील बनेगा और वही देश दुनिया का नेतृत्व करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ा है। आज भारत में 1 लाख 90 हजार स्टार्टअप हैं और हम अमेरिका व ब्रिटेन के बाद तीसरे स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री जी की सोच थी कि युवा जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बने। उसी संकल्पना को यूपी ने मजबूती से आगे बढ़ाया है। प्रदेश में 17 हजार से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं, जिनमें 8 यूनिकॉर्न शामिल हैं। यहां 72 इनक्यूबेटर्स और 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित हो चुके हैं। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने 137 ...शेष पृष्ठ 14 पर




## संक्षेप

### नौसेना के बेड़े में पनडुब्बी रोधी युद्धपोत शामिल



नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना के बेड़े में एक स्वदेश निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर नौसेना की समुद्री क्षमताओं में वृद्धि होने की उम्मीद है। आन्द्रोत उथले जल में संचालित आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों में से दूसरा युद्धपोत है, जिसका निर्माण कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा किया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह जहाज शनिवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया, जो रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम है।

### दारोगा, सिपाही निलंबित एसएचओ लाइन हाजिर

सहारनपुर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने थाना चिलकाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं वसूली के मामले में एक उप निरीक्षक (दरोगा) तथा एक सिपाही को निलंबित कर दिया जबकि थाना चिलकाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) को लाइन हाजिर किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) व्योम बिंदल ने बताया कि दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो सार्वजनिक हुआ था, जिसमें पठेड चौकी प्रभारी दारोगा संदीप कुमार और सिपाही सहदेव सिह खनन से भरे डंपर वाहनों से अवैध वसूली कर उसका हिसाब रजिस्टर मे लिखते नजर आये थे। बिंदल ने बताया कि सहारनपुर के एसएसपी के निर्देश पर उन्होंने मामले की जांच पूरी की और रिपोर्ट दी थी।

# वक्फ के पूरे कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

### बोर्ड में गैर-मुस्लिमों के प्रतिनिधित्व की सीमा तय, जहां तक संभव हो, सीईओ की नियुक्ति मुस्लिम समुदाय से की जाये

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगा दी जिनमें यह प्रावधान भी शामिल है कि केवल वे लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में दे सकते हैं जो पिछले पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहे हैं। हालांकि, शीर्ष अदालत ने पूरे कानून पर स्थगन से इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा हमने कहा है कि हमेशा पूर्व धारणा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में किया जा सकता है। न्यायालय ने वक्फ संपत्तियों की स्थिति पर निर्णय करने के लिए जिलाधिकारी को दी गई शक्तियों पर भी रोक लगा दी और वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम भागीदारी के विवादास्पद मुद्दे पर फैसला सुनाते हुए निर्देश दिया कि केंद्रीय वक्फ परिषद में 20 में से चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए, और राज्य वक्फ बोर्डों में 11 में से तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ ने नए कानून की प्रत्येक धारा के लिए प्रथम दृष्टया चुनौती पर विचार किया और पाया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। उन्होंने कहा हालांकि कुछ प्रावधानों में कुछ संरक्षण की जरूरत है। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश प्रथम दृष्टया और अंतरिम प्रकृति के हैं और वे याचिकाकर्ताओं या सरकार को अंतिम सुनवाई के स्तर पर कानून की संवैधानिक वैधता पर अंतिम दलीलें पेश करने से नहीं रोकेंगे। विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश गवई ने उन प्रावधानों का उल्लेख किया जिनमें अंतरिम आदेश द्वारा हस्तक्षेप किया गया है या जिन पर रोक लगा दी गई है। आदेश में कहा गया है, किसी व्यक्ति को अपनी संपत्ति वक्फ के रूप में देने से पहले, पिछले ...शेष पृष्ठ 14 पर



- पूरे कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं मिला : एससी
- धारा 3(1)(आर) के उस प्रावधान पर रोक जिसमें कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाला व्यक्ति ही वक्फ बना सकता है
- रोक तब तक जारी रहेगी जब तक राज्य सरकार नियम नहीं बना लेती कि इस तरह की प्रथा का सत्यापन कैसे किया जाये
- किसी संपत्ति को केवल नामित अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर गैर-वक्फ नहीं माना जा सकता
- केवल ऐसी रिपोर्टों के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड और बोर्ड रिकॉर्ड में बदलाव नहीं किया जायेगा
- ऐसी कार्यवाही के दौरान, उन संपत्तियों के संबंध में किसी तीसरे पक्ष के अधिकार का सृजन नहीं किया जा सकता
- उच्चतम न्यायालय ने वक्फ बोर्ड के सीईओ के मुद्दे पर विचार किया और धारा 23 पर रोक नहीं लगायी

## पूरे देश में नहीं रोका जा सकता एसआईआर

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह यह मानता है कि भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कानून का पालन कर रहा है। इसने यह भी आगाह किया कि किसी भी अवैधता की स्थिति में इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए सात अक्टूबर की तारीख तय की और इस कवायद पर टुकड़ों में राय देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा बिहार एसआईआर में हमारा फैसला पूरे भारत में एसआईआर के लिए लागू होगा। इसने स्पष्ट किया कि वह निर्वाचन आयोग को देश भर में मतदाता सूची में संशोधन के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, पीठ ने बिहार एसआईआर कवायद के खिलाफ याचिका दायर करने वालों को सात अक्टूबर को अखिल भारतीय एसआईआर पर भी दलील रखने की अनुमति दी। शीर्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर




## मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर

रांची। झारखंड के हजारीबाग जिले में सोमवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए, जिनमें से एक पर एक करोड़ रुपये का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोरहर थाना क्षेत्र के पंतित्री जंगल में सुबह करीब छह बजे प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सहदेव सोरेन के दस्ते और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। झारखंड पुलिस के महानिरीक्षक (ऑपरेशन) और प्रवक्ता माइकल राज एस ने बताया, तलाशी अभियान के दौरान एक करोड़ रुपये के इनामी माओवादी सहदेव सोरेन और दो अन्य माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सहदेव उर्फ प्रवेश प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था। उन्होंने बताया कि अभियान में मारे गए दो अन्य लोगों की पहचान रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बीरसेन गंझू के रूप में हुई है। आईजी (ऑपरेशन) ने कहा, रघुनाथ संगठन का विशेष क्षेत्र समिति सदस्य था और उस पर 25 लाख रुपये का इनाम था, जबकि गंझू क्षेत्रीय समिति का सदस्य था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था।

# कांग्रेस ने बिहार की तुलना बीड़ी से की : मोदी

### प्रधानमंत्री ने 36,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

एजेंसी

पूर्णिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लोगों की तुलना कथित तौर पर बीड़ी से करने के लिए सोमवार को कांग्रेस की आलोचना की और इसे बिहारियों का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग आगामी विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटकों को करारा जवाब देंगे। कांग्रेस की केरल इकाई के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया था, क्योंकि इसकी भाषा में बिहार को बीड़ी से जोड़ा गया था। हालांकि यह पोस्ट बाद में हटा दिया गया था। यह पोस्ट केंद्र सरकार की तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी नीति पर लक्षित था। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया कांग्रेस नेता कहते हैं कि बीड़ी और बिहार का नाम बी से शुरू होता है। यह राज्य और उसकी जनता का सरासर अपमान है। वे आने वाले दिनों में कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगियों को करारा जवाब देंगे। मोदी ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर उनके शासनकाल में कथित कुशासन के लिए निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पूर्णिया जिले में लगभग 36,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की सोमवार को शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने पूर्णिया हवाई अड्डे पर नवनिर्मित टर्मिनल ...शेष पृष्ठ 14 पर



# हवाई सेवा के विस्तार से बढ़ेगा निवेश व पर्यटन

### धामी ने एयर इंडिया एक्सप्रेस की देहरादून-बेंगलुरु हवाई सेवा का किया शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

जौलीग्रांट (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून से एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा देहरादून-बेंगलुरु के लिए शुरू की जा रही नई हवाई सेवा का विधिवत रूप से फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के समग्र विकास और हवाई संपर्क विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। आज से ही देहरादून हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए दैनिक सीधी उड़ानों की शुरूआत के साथ परिचालन शुरू कर दिया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून से एअर इंडिया एक्सप्रेस सेवाओं की शुरूआत हमारे राज्य में नागरिक उड्डयन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बेंगलुरु से बेहतर कनेक्टिविटी से उत्तराखंड में पर्यटन, व्यापार और निवेश के अवसरों को काफी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही भारत के सबसे गतिशील शहरों में से एक के साथ छात्रों, पेशेवरों और उद्यमियों के लिए संबंध भी मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की देहरादून और बेंगलुरु के बीच सीधी हवाई सेवा उत्तराखंड के युवाओं, उद्यमियों, आईटी प्रोफेशनल्स, छात्रों और पर्यटकों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। उन्होंने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर






**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले : केशव (पृष्ठ-02)
- यूपी को ग्लोबल पहचान देंगे एआई, बॉयोटेक आधारित उद्योग (पृष्ठ-02)
- रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 88.20 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- यात्री वाहनों की थोक बिकी नौ प्रतिशत घटी : सियाम (पृष्ठ-14)
- वनस्पति तेल आयात बढ़कर 16.77 लाख टन पर( पृ ष्ठ -

**विशेष खबर** अगस्त में घटकर 5.1 प्रतिशत रही, अप्रैल में 5.3 व जुलाई में 6.6 पर थी

# भारत में लगातार दूसरे माह घटी बेरोजगारी दर

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर में लगातार दूसरे महीने कमी आई है। अगस्त में यह घटकर 5.1 प्रतिशत रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, जुलाई में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही थी। मई और जून दोनों में यह 5.6 प्रतिशत थी।

मई 2025 में जारी पहले पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। आधिकारिक बयान में कहा गया है, कुल मिलाकर बेरोजगारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए) लगातार दूसरे महीने घटकर अगस्त 2025 में 5.1 प्रतिशत रही। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही। पुरुषों की बेरोजगारी दर अगस्त में पांच महीनों में सबसे कम पांच प्रतिशत रही। अप्रैल में यह 5.2 प्रतिशत, मई और जून में 5.6 प्रतिशत और जुलाई में 5.3 प्रतिशत थी। इसका कारण शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की बेरोजगारी दर में गिरावट है। बीते महीने घटकर यह 5.9 प्रतिशत पर रही जो जुलाई में 6.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण पुरुषों की बेरोजगारी दर भी अगस्त 2025 में घटकर 4.5 प्रतिशत रही, जो पिछले चार महीनों की बेरोजगारी दर से कम है।

कुल मिलाकर, ग्रामीण बेरोजगारी दर लगातार तीन महीनों से घट रही है। मई 2025 में यह 5.1 प्रतिशत थी जबकि अगस्त में कम होकर 4.3 प्रतिशत रही। महिलाओं में श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में लगातार दो महीनों से वृद्धि देखी गई है और यह अगस्त में बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया जो जून में 30.2 था। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर में वृद्धि से समग्र श्रमिक जनसंख्या अनुपात में सुधार हुआ है और यह बढ़कर अगस्त में ...शेष पृष्ठ 14 पर



# उप्र में सड़क हादसों के दौरान सात की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जौनपुर, गाजीपुर, गोरखपुर और चंदौली जिले में हुए सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 11 स्कूली बच्चों समेत 21 लोग घायल हो गए। जौनपुर जिले में सोमवार सुबह अयोध्या से वाराणसी जा रही बस के ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि यह घटना लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर गांव में हुई, बस में छत्तीसगढ़ के 50 श्रद्धालु सवार थे। बस चालक जैसे ही ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, वह पास के ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। मृतकों की पहचान आशा (30), गुलाबो (28), रेखा (55) और दीपक ठाकुर (35) के रूप में हुई है। वहीं, गाजीपुर जिला मुख्यालय के कोतवाली क्षेत्र के बंशीबाजार (बड़ीबाग) मुहल्ला में स्थानीय अदालत के ...शेष पृष्ठ 14 पर

- जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली व गोरखपुर में हुए हादसे

संक्षेप

## मेडिकल स्टोर संचालक ने डॉक्टर की कुर्सी पर जमाया कब्जा



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्थानीय मेडिकल स्टोर संचालक सनी खान को डॉक्टर की कुर्सी पर बैठे देखा गया। वीडियो में वह दूसरी कुर्सी पर पैर रखकर आराम फरमाता नजर आ रहा है। चार दिन पहले की यह घटना स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति को दशार्ती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की गैरमौजूदगी में मेडिकल स्टोर संचालक की यह हरकत अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने कहा कि वीडियो उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह घटना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। जिले में लोग चिंतित हैं कि जब डॉक्टर की कुर्सी पर मेडिकल स्टोर संचालक बैठ सकता है, तो मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी कौन लेगा। स्वास्थ्य केंद्र में अनुशासन और निगरानी की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

## महिला के साथ हुई मारपीट, दो पर केस

प्रतापगढ़। महिला के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के नागापुर तिलौरी गांव की कमरूननिशा पत्नी मो0 एकलाक ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौदह सितंबर को सुबह करीब दस बजे वह सरपत काटकर घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में परिवार के ही मो0 इमरान पुत्र हाफिज मोहम्मद, हुसैन ने रंजिशन गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिश में हुई मारपीट, तीन पर केस

प्रतापगढ़। रंजिश में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के लीलापुर गांव निवासी इन्दल पाल पुत्र स्व0 शिवहरख ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह सितंबर की रात करीब नौ बजे उसके गांव में ड्रोन उड़ रहा था। जिसे देखने के लिए वह घर से बाहर निकला। आरोप है कि इसी बीच रंजिशन गांव के घनश्याम पाल तथा उसके पुत्र करन पाल एवं घनश्याम की पत्नी ने एकराय होकर गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। वांछित को गिरफ्तार कर पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के दरोगा ओमप्रकाश यादव सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वांछित कोतवाली कुण्डा के मवईकला निवासी मो0 रिजवान पुत्र मो0 अशफाक उर्फ कल्लन को उसके घर के पास से धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

# डीएम ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने विकास खण्ड बर्डपुर में निमार्णाधीन किसान कल्याण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्य समय से व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाये। बाद उसके उक्त विकास खंड के दलदला से महदेईया तक सड़क निर्माण कार्य निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने सड़क खोदवाकर देखा गया एस्टीमेट एवं एम्बी का मिलन भी किया गया जो सही पाया गया, इसके अलावा जिलाधिकारी ने निर्मला दिन राजकीय उद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान वर्ल्डपुर का निरीक्षण किया गया, बाद उसके जिलाधिकारी ने चैनपुर ककरहवा मार्ग के कमी 08 से महुलानी उत्तरी एवं दक्षिणी संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का निरीक्षणकिया गया, इस दौरान जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर 0 ने सड़क खुदवा कर देखा गया सड़क एवं एम्बी का मिलान भी किया गया दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने सड़क की पटरी बनाने व समय से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## कविता ,लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में कुलपति प्रो संगीता शुक्ला के निर्देशन में सोमवार को दीक्षोत्सव 2025 के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शीर्षक था 'मेरा भारत' जिस पर छात्र-छात्राओं ने कविता लेखन किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रतियोगिता में मशहूर कवि संजय जैन सत्यम तथा सुमनेश शर्मा सुमन ने निर्णायक मंडल के रूप में अपनी भूमिका निभाई। उनकी देशभक्ति से भरी प्रस्तुति ने सभी प्रतिभागियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रो अल्पना अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग एवं समन्वयक काव्य लेखन प्रतियोगिता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में प्रियांशु सिंह एम एम एच कॉलेज गाजियाबाद ने प्रथम स्थान एवं खुशी गोस्वामी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय केंपस मेरठ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ?। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंशु अग्रवाल मनोविज्ञान विभाग सह समन्वयक ने किया। कार्यक्रम में प्रो संजय कुमार, डॉक्टर लवलीन तिवारी, डॉ चित्रा गुप्ता, दरवेश, वाणी, कल्याणी, मीना,दीपांविता, अभिषायना आदि उपस्थित रहे।

## कल से शुरू होगा स्वास्थ्य महा अभियान



**श्रावस्ती।** महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने तथा परिवार और समाज को सशक्त करने की दिशा में श्रावस्ती जनपद एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं नेतृत्व में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारह्व नामक विशेष स्वास्थ्य महाअभियान आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे जनपद में भव्यता और व्यापकता के साथ आयोजित होगा। यह अभियान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा, बल्कि यह नारी शक्ति के सशक्तिकरण और परिवार की समृद्धि के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। महाअभियान का शुभारंभ संयुक्त जिला चिकित्सालय मुख्यालय पर जिले के जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी के करकमलों से किया जाएगा। इसी क्रम में सिरसिया में सांसद राम शिरोमणि वर्मा तथा इकौना में विधायक रामफेरन पांडेय इस आयोजन का उद्घाटन करेंगे। यह अभियान केंद्र सरकार के पोषण माह से भी जुड़ा हुआ है, जिसका शुभारंभ स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंदौर मध्य प्रदेशसे किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आरसीएच) डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी इस अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगे और उसे सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जनपद के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इनमें महिलाओं और किशोरियों की निम्नलिखित जांचें की जाएँगीःउच्च रक्तचाप और मधुमेह,मुख कैंसर और स्तन कैंसर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर,एनीमिया और क्षय रोग परीक्षण,किशोरियों और महिलाओं में एनीमिया की पहचान और परामर्श। महिलाओं की टीबी (क्षय रोग) स्क्रीनिंग कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना। जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया की विशेष जांच की जाएगी।एमसीपी कार्ड (मदर-चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड) एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण कर परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा। यह महाअभियान केवल स्वास्थ्य विभाग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें व्यापक सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आशा बहुएं, आशा संगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर इसमें सक्रिय भूमिका निभाएँगे। ये सभी घर-घर जाकर महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करेंगे और उन्हें स्वास्थ्य शिविरों तक लाने में सहयोग करेंगे।

## स्वच्छता पखवाड़े की तैयारी को लेकर बैठक,कल से शुरू होगा अभियान

सिद्धार्थनगर- डीएम कार्यालय सभागार में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने अध्यक्षता की। डुमरियागंज सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल और अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। विधायक ने कूड़ा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आरआरसी सेंटरों को पूर्णतः क्रियाशील करने और गीले-सूखे कूड़े के लिए पर्याप्त डस्टबिन की व्यवस्था करने को कहा। सांसद प्रतिनिधि ने नगर क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने गांव और कस्बों में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी और एलबीसी पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## भाजपा नेता आपत्तिजनक वीडियो सामने आया, प्रदेश महामंत्री ने लेटर जारी कर पार्टी से निकाला

सिद्धार्थनगर- भाजपा जिला उपाध्यक्ष का एक आपत्तिजनक वीडियो सामने आया है। इसके प्रदेश महामंत्री गोविंद नरायण शुक्ल ने लेटर जारी कर उन्हें पार्टी ने निकाल दिया है। वीडियो में गौरीशंकर अग्रहरि एक लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाते दिखाई दे रहे हैं। जिसका किसी ने वीडियो बनाया है। गोविंद नरायण ने कहा कि भाजपा किसी भी तरह के गलत आचरण को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक दिन पहले भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा था कि गौरीशंकर अग्रहरि अगस्त 2023 से पार्टी में किसी भी पद पर नहीं हैं। जबकि सोशल मीडिया अकाउंट पर अभी भी गौरीशंकर अग्रहरि जिला उपाध्यक्ष लिखे हुए हैं। बात करने पर गौरीशंकर ने कहा कि यह सब चलता रहता है। यह वीडियो राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए फैलाया गया है। गौरीशंकर अग्रहरि बांसी नगर पालिका क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह वीडियो एडिट करके चलाया जा रहा है। पूरी बॉडी किसी और की है चेहरा मेरा सेट किया गया है। जिसने ऐसा किया है हम उसे जानते हैं। वह राजनीति के चक्कर में कर रहे हैं। इतना नीचे गिर जाएंगे नहीं पता था। वह वीडियो मेरा नहीं है। वीडियो के जरिए हमें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मैं भाजपा के किसी पद पर भी नहीं हूं।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन



**सिद्धार्थनगर।** शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय में एकत्र होकर इस आदेश के खिलाफ विरोध जताया। जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की। उनके साथ जिला महामंत्री पंकज त्रिपाठी और जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह भी उपस्थित रहे। आदित्य ने कहा, ॰यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक साबित होगा। वर्षों से सेवा में लगे शिक्षकों की योग्यता को सिर्फ एक परीक्षा से आंका नहीं जा सकता। सरकार को चाहिए कि वह इस फैसले को पहले से कार्यरत शिक्षकों पर लागू न करे। पंकज त्रिपाठी ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा, ॰टीईटी की अनिवार्यता नए अभ्यर्थियों के लिए उचित हो सकती है, लेकिन पहले से कार्यरत शिक्षकों पर इसे लागू करना अनुचित है। इससे न केवल शिक्षक समाज को बल्कि शिक्षा व्यवस्था को भी बड़ा नुकसान होगा। जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा, ॰शिक्षकों को सेवा से हटाने की धमकी असंवैधानिक है। यदि सरकार इस मुद्दे पर कार्रवाई नहीं करती, तो हम आंदोलन करेंगे। शिक्षक समाज देश की रीढ़ है, और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हम किसी भी हद तक जाएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने एक स्वर में सरकार से आग्रह किया कि वह इस फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करे। उनका कहना था कि लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र में सेवा देने वाले अनुभवी शिक्षकों को इस नियम से छूट मिलनी चाहिए, क्योंकि अनुभव और सेवा की अवधि को भी सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया, ॰यह निर्णय शिक्षकों के लिए असमान और अव्यावहारिक है। शिक्षा की गुणवत्ता केवल परीक्षा से नहीं आंकी जा सकती। सरकार को अनुभव और सेवा को भी महत्व देना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन शांतिपूर्ण ढंग से किया गया, और शिक्षकों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रेनु मणि त्रिपाठी, विजय भास्कर, विपुल सिंह, जे.पी. गुप्ता, आनंद पांडेय, अंजनी झा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## हिन्दी दिवस पर भव्य काव्य गोष्ठी सम्पन्न



**श्रावस्ती।** हिन्दी की अनुभूति और अवधी की माधुर्य को संजोने में श्रावस्ती की धरा सदैव अग्रगण्य रही है। यहाँ की पावन मातृभूमि ने समयझसमय पर मेधावी मनीषी और कोकिलकंठ कवि उत्पन्न कर साहित्यझसंसार को समृद्ध किया है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हिन्दी दिवस के पावन अवसर पर साहित्यझपरिवार की निरंतरता के क्रम में काव्यगोष्ठी का आयोजन कवि नीरज ह्लनालायकह्व के लायक संयोजन में उनके विद्यालय प्रांगण में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आदरणीय दिवाकर पाण्डेय, प्रवक्ता के.बी. इंटर कॉलेज, पयागपुर (बहराइच) के सारगर्भित उद्बोधन से हुआ। उन्होंने हिन्दी भाषा के महत्त्व तथा साहित्यकारों के दायित्वों पर गंभीर विचार व्यक्त किए। माँ सरस्वती की वंदना के पश्चात काव्यपाठ का शुभारम्भ हुआ। गोष्ठी में विभिन्न विधाओं की कविताओं ने श्रोताओं को रसास्वादन कराया। इस क्रम में राजेश शुक्ला, सूर्यकुमार श्रीवास्तव, महेश मिश्र मानव, प्रीतम श्रावस्तवी, राजू शुक्ला, मनोज मिश्रा कप्तान, सुरेश सैनिक, श्रवण सायक, नीरज नालायक, राजकिशोर राही, शुभम पाण्डेय तथा वरिष्ठ कवि जेपी मधुकर ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि जेपी मधुकर ने की, जबकि संचालन नीरज ह्लनालायकह्व ने किया। विशेष रूप से कवि मनोज मिश्रा कप्तान की व्यंग्यात्मक प्रस्तुतियाँ श्रोताओं को गहन भावुकता और हास्यझरस दोनों से जोड़ती रहीं।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव, कोहराम



प्रतापगढ़। घर के अंदर किशोरी का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर मृतका के भाई प्रदोष शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के एक युवक पर बहला फुसलाकर शादी का झांसा देते हुए दुष्कर्म का आरोप भी लगाया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के चिचिहरा गांव निवासी पवन शुक्ल की चौदह वर्षीया पुत्री जया शुक्ला स्थानीय विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा थी। सोमवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे घर के अंदर पंखे से लटकता किशोरी का शव मिला। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। मृतका के पिता मुम्बई में टैक्सी चलाते हैं। वह यहां अपने बडे.भाई प्रदोष शुक्ल व चार बहनों के साथ रहती थी। घटना को लेकर मृतका के भाई प्रदोष शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के शिवांश शुक्ल पुत्र संतोष शुक्ल पर उसकी बहन को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी द्वारा शादी से इंकार करने पर किशोरी ने आत्मघाती कदम उठाते हुए फांसी का फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। मृतका चार बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसका एक बड़ा भाई प्रदोष शुक्ल है। पिता मुम्बई में टैक्सी चालक है। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी शिवांश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घर में आगजनी व मारपीट की घटना में आठ पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार



प्रतापगढ़। महिला व उसके बेटे के साथ मारपीट व घर में आगजनी तथा तोडफोड की घटना को लेकर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर कैलहा गांव निवासी वकीला बेगम पत्नी मो0 रहीश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती रविवार की शाम परिवार की मजीदा बेगम व उसके बेटों दिलशाद व अरमान तथा दिलशाद की पत्नी कैकसा एवं गांव के रामपियारे की पत्नी शिवपती, बबिता तथा दो अज्ञात समेत आठ लोग दरवाजे पर पहुंचे और गेट तोड़ने का प्रयास किया। आरोपियों ने घर के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए और घर में आग लगा दी। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने पीडिता को आग में झोंक कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। पीडिता किसी तरह अपने बेटे के साथ बाहर निकलकर जान बचाई। आरोपियों ने पीड़िता और उसके बेटे के साथ मारपीट भी की। आगजनी से गृहस्थी के सामान जलकर नष्ट हो गये। घटना को लेकर पुलिस ने माजिदा बेगम समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपी दिलशाद उर्फ सोनू पुत्र साबित अली को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में जिलाधिकारी को कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें भूमि विवाद, बिजली आपूर्ति की समस्या, पेंशन स्वीकृति में देरी, शौचालय निर्माण, आवास योजना का लाभ, सड़क की मरम्मत तथा शिक्षा विभाग से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को इन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यदि किसी भी स्तर पर शिथिलता मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## आयुर्वेद वेलनेस सेंटर का शुभारंभ




कटरा श्रावस्ती। कटरा पंडित पुरवा, में आयुर्वेद वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया गया। सेंटर इंचार्ज रेखा सिंह ने प्रीति पाठक को केंद्र संचालन हेतु अथॉरिटी लेटर प्रदान किया। इस अवसर पर संदीप सिंह दवा डिस्ट्रीब्यूटर ने मरीजों की जांच कर विभिन्न आयुर्वेदिक दवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र पर जोड़ों का दर्द, कमजोर लिवर, थायराइड, हृदय रोग, मानसिक रोग, मोटापा, बांझपन, पथरी, बवासीर, स्त्री रोग, अस्थमा आदि रोगों की औषधियाँ उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम में अनोखी लाल पाठक, वेद प्रकाश पाठक, नीलम, ज्योति रानी और जानकी प्रसाद वर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रामपुरखास में हर व्यक्ति का मान सम्मान सर्वोच्च : प्रमोद तिवारी

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने विधायक मोना की ओर से सौंपी सड़क सौगात, खुशी




प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी पक्की सड़क का उधरनपुर गांव में समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना की इस सौगात से लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्तालिस लाख अठहत्तर हजार की लागत से छः सौ मीटर लम्बे उधरनपुर के मुस्लिम बस्ती तक बनने वाला यह मार्ग लोगों के लिए सुगम हो सकेगा। जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास में सुव्यवस्थित विकास के ढ़ांचे को निरंतर मजबूती मिलती रहेगी। उन्होने कहा कि विकास की चमक के साथ यहां हर व्यक्ति के अधिकार व सम्मान की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार इन दोनों क्षेत्रों में प्रबन्धन की विफलता साबित कर चुकी है। उन्होने कहा कि केंद्र एवं राज्य दोनों सरकारों को हर कीमत पर कृषि तथा बिजली के क्षेत्र में लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश के लोकतंत्र में सबसे बड़ा अधिकार लोगों को वोट का अधिकार मिला हुआ है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग इस संवैधानिक अधिकार को भी आघात पहुंचाने पर अमादा है। उन्होने कहा कि देश के एक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त तक ने आयोग को यह कहकर आईना दिखाया है कि राहुल गांधी के उठाए सवालों का उसे जिम्मेदारी से जबाब देना चाहिए। वहीं जनसभा में सड़क सौगात पाकर प्रसन्न ग्रामीणों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को सम्मानित किया। जनसभा की अध्यक्षता प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज व संयोजन ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया।

### प्रमोद व मोना ने क्रिकेट तथा बाक्सिंग में सफलता को बताया गौरवपूर्ण

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से एशिया कप में पाकिस्तान को शिकस्त देकर भारत की ऐतिहासिक जीत को गर्व भरी उपलब्धि कहा है। वहीं उन्होने वर्ल्ड बाक्सिंग चैम्पियनशिप में चार भारतीय बेटियों के पदक जीतने को भी राष्ट्र के लिये गर्वोक्ति कहा है। सोमवार को लालगंज में मीडिया से रूबरू राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बाक्सिंग चैम्पियनशिप में देश की बेटी मीनाक्षी हुड्डा व जैस्मीन लैम्बोरिया के द्वारा स्वर्ण पदक तथा नुपूर द्वारा रजत पदक एवं पूजा रानी द्वारा कांस्य पदक जीतना वैश्विक पटल पर भारत के तिरंगे की शान व मान को बढ़ा गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०) । टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व० दिनेश प्रताप सिंह | भूखण्ड सं०- सी-14 | सेक्टर एम अलीगंज | 02.11.2009 | 1. श्रीमती कविता सिंह- पत्नी 2. श्री अंकुर सिंह- पुत्र | श्रीमती प्राची सिंह, श्रीमती रूचि सिंह श्रीमती मोनिका सिंह, श्रीमती शशि सिंह | पुत्रियाँ |
| 2. | स्व० चिरंजी लाल | भवन/भूखण्ड सं०- बी-3/215 | विशाल खण्ड गोमती नगर येजना | 09.08.2020 | श्रीमती मधू यादव, श्री सूर्या यादव, श्री यश यादव | वसीयतनामा | पुत्र वधू, पौत्र, पौत्र |
| 3. | स्व० देवानन्द भाटिया (आवंटी) | भूखण्ड सं०- बी-1/128ए | सेक्टर- के, अलीगंज योजना | 10.11.2018 | 1. श्रीमती निम्मी भाटिया 2. श्री हेमन्त कुमार भाटिया | - | पत्नी पुत्र |
| 4. | श्री देवकी नन्दन श्रीवास्तव | भवन सं०- एम-2/41 | सेक्टर-बी सीतापुर रोड योजना लखनऊ | 27.11.2023 | श्री संजय श्रीवास्तव | 1. श्रीमती निरूपमा श्रीवास्तव (पत्नी) | पुत्र |
| 5. | स्व० मेवा लाल रावत (आवंटी) | भूखण्ड सं० एम०एम०- 25 | सेक्टर क्यू, अलीगंज | 10.05.2025 | 1. श्री विनोद कुमार रावत 2. श्री रितेश कुमार रावत 3. श्रीमती अंजू रावत | - | पुत्र, पुत्र पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## मेला संचालन समिति के दिनेश गुप्ता अध्यक्ष, महामंत्री अजय गर्ग टीटू मनोनीत

तिकुनिया खीरी। कस्बे में परंपरागत तरीके से मनाया जाने वाला दशहरा रामलीला मेले के संचालन को लेकर संचालन समिति का गठन किया गया। मंदिर पर हुई बैठक में डॉ दिनेश गुप्ता को अध्यक्ष और महामंत्री अजय गर्ग टीटू को बनाया गया है। कमेटी में संरक्षक महंत बृजेश गिरी, विनायक प्रसाद, किशन महावर, परशुराम महावर, कार्यवाहक अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह, अशोक निषाद, मंत्री अनिल कुंबले, उमेश निषाद, अमित गुप्ता, लवकुश गोयल, कोषाध्यक्ष शिशिर गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष सोनू अग्रवाल, मेला ग्राउंड इंचार्ज जगदीश प्रसाद और सदस्य हंसराज गर्ग, उमंग गर्ग, रिंकू राव मनोनीत किए गए है। इस बाबत कमेटी के महामंत्री अजय गर्ग टीटू ने बताया मेला आगामी 7 अक्टूबर को भूमि पूजन के साथ शुरू होकर 19 अक्टूबर तक संपन्न होगा।

## सड़क हादसे में घायल लड़की की मौत

जंगबहादुरगंज खीरी। शौच से वापस आ रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को अज्ञात डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी थी, जिससे चार महिलाएं घायल व एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई थी तीन दिन बाद एक और लड़की की मौत हो गई है। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम बरखेरियाजाट की रहने बाली साहिन पत्नी अशफाक अपनी बहू ,बेटियों व पोती को साथ लेकर बीती बृहस्पतिवार की सुबह शौच के लिए गई थी जहां से वापस लौटते समय ग्राम बरखेरियाजाट मोड के पास तेज गति से आ रही अज्ञात डीसीएम ने जोरदार टक्टर मार दी जिससे साहिन पत्नी अशफाक(45),बहु तबस्सुम पत्नी नौशाद(25),बड़ी बेटी चांदनी अशफाक(25), छोटी बेटी आलमी पुत्री अशफाक (12) घायल हो गई थी व पोती अवीवा पुत्री नौशाद (1) वर्ष की मौके पर मौत हो गई थी।सूचना मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पसगवां भिजवाया था, जहां के डॉक्टरों ने चांदनी और आलमी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रिफर कर दिया था जहां आलमी का तीन दिन इलाज चलने के बाद भी उसकी स्थिति और ज्यादा खराब होने लगी जिस कारण परिजन उसे किसी निजी अस्पताल लेकर जा रहे थे कि उसकी रास्ते में ही मौत गई। जिसके बाद लड़की के शव को उसके गांव लाया गया जहां पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बही चांदनी की भी हालत नाजुक बनी हुई है।

## धर्मांतरण कराने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। यूपी के शाहजहांपुर में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने धर्मपरिवर्तन कराने वाले पति पत्नी को शहर के रेती नई बस्ती मोहल्ले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आए पति हरजीत उर्फ हनुक मसीह और उसकी पत्नी सुनीता मसीह ये दोनों बाकायदा एक गैंग बनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे,घर के अंदर सैकड़ो लोगों की सभा लगाकर धर्मपरिवर्तन के लिए करते थे उनका माइंड वाश। ये शातिर पति पत्नी और इनका गैंग गरीबों को पैसे का लालच और बीमारों को इलाज का लालच देकर उन्हें धर्मपरिवर्तन के लिए तैयार करते थे। फिलहाल रामचंद्र थाना पुलिस ने दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# कोटनाथ कुम्भी में 80 लाख से निर्मित होगा सामुदायिक भवन



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। डबल इंजन की सरकार समाज में अंतिम पायदान पर खड़े नागरिकों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के कोटनाथ कुम्भी में 80 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जायेगा। यहाँ की सड़कों के मरम्मत हेतु एकीकृत योजना के अंतर्गत 50 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। ये बातें समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने सोमवार को कोटनाथ कुम्भी में बारा समाज के सम्मलेन में कहीं।

मंत्री असीम अरुण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विमुक्ति जातियों के उत्थान के लिए मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा पट्टे पर भूमि दिए जाने की घोषणा 31 अगस्त को आयोजित विमुक्त जाति दिवस पर की गयी है। इनको शिक्षा, रोजगार और स्वावलंबन के विभिन्न कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए घुमंतू विकास बोर्ड और घुमंतू विकास मिशन बनाए जाने की घोषणा मा. मुख्यमंत्री द्वारा की गई है। इसके बाद समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने साहबगंज स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का निरीक्षण किया।

इस मौके पर उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी हासिल की। मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालय में फिजिक्स की लैब को उच्चीकृत किया जाये। विद्यालय में पानी का बेहतर प्रबंध जल्द किये जाने का निर्देश भी विभागीय मंत्री ने दिया।

## बीडीओ लखीमपुर ने सुनी फरियाद

लखीमपुर खीरी। भारी बरसात के बावजूद ज्ञानेंद्र कुमार सिंह बीडीओ लखीमपुर ग्रामीण की फरियाद सुनते नजर आए।

जनता दर्शन के दौरान लखीमपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत सैदापुर भाऊ निवासी एक ग्रामीण आवास पाने के लिए एक दरखास्त लेकर बीडीओ के पास पहुंच गया। बीडीओ ने ग्रामीण की माली स्थिति को देखकर उसे चेयर पर बिठाया बीडीओ ने ग्रामीण से पूछा बाबा क्या समस्या है। इतनी बरसात में आना पड़ा। फरियादी प्यारेलाल पुत्र सुभाष ने बताया साहेब हम बहुत गरीब हैं। हमरा घर जल चुका है। हमका तहसील से 9 हजार रुपए भी मिला चुका है। हमका आवास दिलायेदेव साहब। बीडीओ ने तुरंत एसडीएम सदर से देवी आपदा के अंतर्गत दिए गए मुआवजे की जानकारी ली। ग्राम



पंचायत सचिव से मुख्यमंत्री आवास की सूची में नाम शामिल होने की जानकारी ली। बीडीओ ने ग्रामीण को आश्वासन दिया कि यदि पात्रता की श्रेणी में आओगे तो आवास जरूर दिया जाएगा। बीडीओ ने ग्रामीण को एसडीएम के पास भेज दिया। बीडीओ ने बताया लेखपाल की रिपोर्ट के आधार मुख्यमंत्री आवास दिया जाएगा।

## गुरु हरिकिशन पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गुरु हरिकिशन पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी समृद्ध विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का प्रतीक है।




कार्यक्रम में छात्रों की रचनात्मकता व प्रतिभा को प्रोत्साहित करने को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिया प्रजापति प्रथम, अनुष्का वर्मा द्वितीय, खुशबू तृतीय रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में रोशनी मित्रा प्रथम, साजिया नूरी द्वितीय और शशी वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण व कविता पाठ में रिचा पटेल, कोमलप्रीत कौर व गरिमा ने प्रभावशाली भाषण दिए, वहीं शालवी वर्मा और बिंदु देवी ने मनमोहक काव्य पाठ प्रस्तुत किया निबंध प्रतियोगिता में रिचा पटेल पहले, रितेश कुमार दूसरे और समरीन व शशी वर्मा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और हिंदी भाषा को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया।हिंदी विभाग के प्राध्यापक कन्हैयालाल मिश्र ने हिंदी को देश की संस्कृति की आत्मा बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक वर्मा, आकाश कुमार शर्मा, सुनील गुप्ता, सुधाकर मिश्र, पदुमकान्त मिश्र, अनुराधा रानी, शांति वर्मा व वीरेंद्र प्रजापति सहित अनेक शिक्षक मौजूद थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक के दौरान चर्चा में बताया गया कि सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य पोर्टल के माध्यम से 18-28 वर्ष के प्रशिक्षित युवाओं को जिला स्तर की सड़क सुरक्षा कार्यवाहियों से संरचित रूप में जोड़ना है और युवाओं की सहभागिता से सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर आमजन को जागरूक करना है।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक दायित्व ही नही बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह और जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत शाहजहांपुर मयंक भदौरिया ने बताया कि प्रथम चरण में देश के 100 जनपदों में यह कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें उत्तर प्रदेश के भी 28 जनपद शामिल हैं जिनमें शाहजहांपुर भी है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की देखरेख में यह कार्यक्रम क्रैश सीन समन्वय, ब्लैक स्पॉट अध्ययन/ऑडिट, हेलमेट-सीटबेल्ट-स्पीड अनुपालन पर जनजागरूकता तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास व सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण आदि पर केंद्रित है। स्वयंसेवको हेतु 7 दिवसीय सामान्य प्रशिक्षण व सिविल अभियंताओं हेतु 15 दिवसीय रोड सेफ्टी ऑडिट प्रशिक्षण का भी प्रावधान है। जनपद के 18-28 आयुवर्ग के ऐसे युवा जिनके विरुद्ध किसी भी ट्रैफिक उल्लंघन का चालान लंबित न हो व इंजीनियरिंग (सिविल/मैकेनिकल) स्नातकों को परिशिष्ट कार्यों हेतु प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जाएगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ELP) के रूप में ट पोर्टल द्वारा चलाया जाएगा और कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में आरटीओ कार्यालय व ट्रैफिक पुलिस विभाग समन्वय करेंगे।

## डीएम ने किया निरीक्षण, स्पष्टीकरण के दिये निर्देश

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकास भवन स्थित सभी कार्यालयों/ पटलों/ अनुभागों का किया औचक निरीक्षण किया. उन्होंने कलेक्ट्रेट के गेट नंबर एक पर स्वयं खड़े होकर कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन कार्यालयों में विलंब से आने वाले विकास विभाग के शिवाकर दीक्षित, समाज कल्याण में विपिन, विकास भवन के ओमकार, सांख्यिकी के नवल किशोर, कलेक्ट्रेट कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अरविन्द कुमार,विकास विभाग के एपीओ संजय कुमार, जिला पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विवेक सक्सेना, विकास विभाग के श्याम, पीडी डीआरडीए विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर अपूर्व वाजपेयी एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक जीशान सहित एक दर्जन कार्मिकों के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट के आने वाले कार्मिकों का




चालान भी करवाया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आज विकास भवन स्थित सभी कार्यालयों/ पटलों/ अनुभागों का औचक निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बंधित कार्यालयाध्यक्षों एवं पटल सहायकों से उनके कार्यो एवं जिम्मेदारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए पत्रावलियों का सुव्यवस्थित रख रखाव, कार्यालय की साफ-सफाई सहित जनसामान्य से जुड़े कार्यो का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।

विकास भवन में अनुपस्थित कार्मिकों उर्दू अनुवादक/ प्रधान सहायक शगुफ्ता परवीन, पत्र वाहक ममता रानी, रनवीर, वरिष्ठ सहायक मो0 मुस्ताक अहमद, अंकुश, अमित कुमार, श्याम किशोर शर्मा, लेखाकार छोटेलाल, कनिष्क सहायक कनक सिंह, अर्दली संजय कुमार सिंह, अंशुल दीक्षित एवं चरण सिंह, उर्दू अनुवादक/प्रधान सहायक जियाउद्दीन अंसारी, लेखाकार विनायक मेहरोरा, कनिष्ठ सहायक मनीष कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अखिलेश कुमार अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

## आरक्षण के आधार पर छंटनी करने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से होने वाली भर्तियों में पीईटी परीक्षा में सामान्य कटऑफ के बजाय आरक्षण के आधार पर उम्मीदवारों की छंटनी करने की मांग को लेकर पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता रविप्रकाश वर्मा ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ यादव को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इस प्रकार का मुद्दा अभ्यर्थियों द्वारा प्रकाश में लाया गया है। पीईटी परीक्षा में सामान्य कटऑफ के बजाय, आरक्षित श्रेणियों ओबीसी, एससी/एसटी, पीडब्लूडी/ ईडब्लूएस के लिए अलग-अलग और अनुकूलित कटऑफ तय करने की मांग की है। ताकि सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का समान अवसर मिल सके।



## किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : राजेन्द्र मिश्रा



जिला संवाददाता(vol)

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज गन्ना समिति पर आयोजित सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक के दौरान गन्ना समिति के चेयरमैन ने कहा कि घटतौली और उतरवाई ली तो एफआईआर के लिए रहें तैयार। हमारे क्षेत्र की दोनों चीनी मिलें किसानों के साथ खड़ी हैं और गन्ना किसानों के हित में कार्य कर रही है। घटतौली रोकने के लिए मिले अपने गेट पर 10 टन का मैनुअल कांटा लगाएं जिससे किसानों को कोई शंका होती है तो वह अपना गन्ना वहां पर कम ज्यादा चेक कर सकते है। मिल शुरू होने पर सेंटरों पर वीडियो ग्राफी कराएंगे कि किसानों से कोई वसूली तो नहीं हो रही। मैगलगंज गन्ना समिति की सामान्य निकाय की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में गन्ना किसानों को भी अपनी समस्याएं समिति और चीनी मिल के प्रतिनिधियों के सामने रखने का अवसर दिया गया। किसानों ने सीधे तौर पर घटतौली और उतरवाई समेत कई शिकायतें रखी। गन्ना समिति के चेयरमैन राजेन्द्र मिश्र उर्फ पप्पू ने कहा कि किसानों से गन्ना उतरवाई के नाम पर वसूली बंद होगी।

गन्ना समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समिति से निर्देश दिए हैं कि घटतौली रोकने के लिए मिले अपने गेट पर 10 टन का मैनुअल कांटा लगाएं , जिससे किसानों को कोई शंका होती है तो वह अपना गन्ना वहां पर कम ज्यादा चेक सकता है। दोनों चीनी मिलें गन्ना किसानों के हित में कार्य कर रही हैं, जो दिक्कतें आ रहीं हैं उनमें सुधार करें। योगी सरकार में मिलों को किसी दबाव में काम करने की आवश्यकता नहीं है , हमारी सरकार वैसे भी उद्योगों को बढ़ावा देती है लेकिन किसान हित ध्यान रखते हुए मिले काम करें। गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि समिति में वर्षों से जमे लोग हटाए गए हैं, अब काम करने वाला स्टाफ है। अब हमारा लक्ष्य मिलों के रवैया में सुधार लाने का है। भरोसा है मिलें भी गन्ना किसानों के हित में मजबूती से काम करेंगी। निदेशक अनुज शुक्ला ने किसानों की समस्याएं रखी, जिनके जवाब लिखित में मांगे गए हैं। इस बैठक में गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष बृजेश सिंह, आदित्य कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अंकित त्रिवेदी, अनिल राठौर अमृतेश अवस्थी, सत्यभान सिंह, चंद्रभान वर्मा, समेत सभी निदेशक मौजूद रहे। और अजबापुर चीनी मिल के जीएम केन , रीजनल मैनेजर और कुंभी मिल के अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में डॉ. वीरेश बाजपेई, श्याम मोहन मिश्र, सुधीर अवस्थी सहित कई ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक मिश्र व आमंत्रित कवियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्राओं यशप्रीत कौर, साक्षी वर्मा, आख्या वर्मा, आराध्या पटेल, दिव्यांशी चैधरी, प्रगति तिवारी व इला मिश्रा ने अपने काव्य पाठ से समां बांधा। कवि श्याम मोहन मिश्र, डॉ. वीरेश बाजपेई और अन्य शिक्षकों ने हिंदी की महत्ता पर आधारित काव्य पाठ प्रस्तुत किए। वरिष्ठ शिक्षक शशिकांत मिश्र शशि की कविता हिंदी भाषा के क्या कहने, पहने अलंकार के गहने को विशेष सराहना मिली। निदेशक मोहित पुरी और प्रधानाचार्य आलोक मिश्र ने कवियों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नवोदित छात्र कवयित्रियों को भी प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अतिथि केशव अग्रवाल ने भी हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव प्रकाश शर्मा ने किया। समारोह में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## बैडमिंटन कोर्ट पर चमके पूर्ति अधिकारी, जीता गोल्ड मेडल

शाहजहांपुर,जनपद के जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लगन और जुनून के सामने कोई भी जिम्मेदारी बाधा नहीं बन सकती। प्रशासनिक कार्यों के बीच समय निकालकर उन्होंने खेल के प्रति अपने समर्पण से शाहजहांपुर का नाम रोशन किया है। प्रयागराज स्थित अमिताभ बच्चन हॉल में 3 और 4 सितंबर को आयोजित सिविल सर्विसेज स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में चमन शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल




अपने नाम किया। प्रतियोगिता में 128 प्रतिभागियों के बीच कड़े मुकाबले हुए, जिनमें बाजी मारते हुए उन्होंने पहला स्थान हासिल किया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्तर पर उनकी सीडिंग चौथे स्थान पर है। यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का नतीजा है। सोमवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने अपने कार्यालय में चमन शर्मा को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए भी चमन शर्मा जैसे अधिकारी खेलों में सक्रिय रहकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने हुए हैं। चमन शर्मा की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम की जीत है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि जिम्मेदारियां और खेल का जुनून साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं।

## साधारण सभा की बैठक में गूंजा बकाया भुगतान का मुद्दा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा की बैठक चेयरमेन बीना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सचिव बलवंत चैधरी ने गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए आयोजित बैठक के एजेंडे के बिदुओं पर चर्चा की।

लखीमपुर रोड स्थित सीजीएनपीजी कॉलेज में सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया था। सामान्य निकाय की बैठक में गन्ना सुरक्षण 2025-26 पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों ने बजाज चीनी मिल पर बकाया गन्ना भुगतान, बजाज चीनी मिल से क्रय केंद्र हटाकर कुम्भी चीनी मिल में शामिल कराने, क्रय केद्रों पर गन्ना उतारने को लेकर लगने वाले शुल्क का मुद्दा छाया रहा है। किसानों ने कहा कि बार-बार आश्वासन के बावजूद बजाज चीनी मिल द्वारा बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया गया। इससे वे आर्थिक तंगी और मानसिक दबाव झेल रहे हैं। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने बजाज हिन्दुस्थान लिमिटेड बकाया गन्ना भुगतान और दर्ज करवाये गए मुकदमे का जिक्र नहीं करने और 2025- 26 में खरीदे गन्ने का 14 दिन में भुगतान किए जाने का नोटेरियल शपथ पत्र बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड से लिए जाने का प्रस्ताव रखा। किसान नेता अमनदीप सिंह बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की तीनों मिलों द्वारा किसानों का भुगतान धीमी गति से करने पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ गन्ना क्रयकेंद्र नौवाखेड़ा और रजागंज के अव्यवस्थाओं का उठाया। विधायक अमन गिरि ने किसानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि बजाज



चीनी मिलों द्वारा बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया जाना चिंताजनक है, । किसानों को खाद, बीज, दवाई, बच्चों की पढाई आदि के लिए परेशानी झेलनी पड रही है। अगर चीनी मिल के अधिकारी सुधार नहीं करते हैं तो उन्हें यहां की जमींन पर पैर भी नहीं रखने दिया जायेगा। उन्होंने बजाज चीनी मिल के अधिकारियों को साफतौर पर कहा कि किसानों को बकाया भुगतान समय पर करने की व्यवस्था करें। इसके साथ विधायक ने कहा कि उनके युवा साथी गन्ना छीलने या मजदूरी करने के लिए नहीं है, उनके रोजगार की चिंता भी है, गोला विधानसभा की गुलरिया, कुम्भी चीनी मिले हैं, यह सब व्यापार कर रहें है, इसलिए युवाओं को रोजगार देना होगा। विधायक ने कहा कि बच्चों को कृषि महाविद्यालय की स्थापना कराने के लिए वह प्रयासरत हैं। जिसके लिए कृषि फार्म खरीदा जायेगा। इस मौके पर गन्ना ज्येष्ठ निरीक्षक आशुतोष मधुकर, आशीष सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, सुरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## हिंदी दिवस पर हुआ कवि समेलन

पलियाकलां खीरी। हिंदी दिवस के अवसर पर नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा आश्रम पर हिंदी दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें श्रीगुरु गोविंद सिंह राजकीय महाविद्यालय पलिया के प्राचार्य डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ल, दुधवा टाइगर रिजर्व उपनिदेशक कार्यालय प्रमुख रमेश कुमार 'रुद्र' नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश कुमार मिश्रा, पलिया मांटेसरी स्कूल की प्रधानाचार्य रत्ना बाजपेई , सुंदरकांड समाज सेवा मंडल के संरक्षक उमाशंकर मिश्र , विश्वकांत त्रिपाठी आदि की विशेष उपस्थिति रही। सर्वप्रथम सभी कवियों एवं अतिथियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कवि सम्मेलन का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।देर रात तक चले कवि सम्मेलन में प्राचार्य डॉक्टर सूर्य प्रकाश शुक्ल, रमेश कुमार रुद्र, ओम प्रकाश 'सुमन', रामचंद्र शुक्ल ,विजय मिश्रा विजय ,सुखराज सिंह, पवन कुमार मिश्र, डॉ यूपी दीक्षित,सोमेश मिश्र व कवियित्री कल्पना मिश्रा आदि ने हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित किए जाने की मांग कर रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया।

## समाज कल्याण राज्य मंत्री ने विद्यालय का किया निरीक्षण



पिपरिया धन, खीरी। सोमवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने ग्रंट साहबगंज गांव में स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय निरीक्षण किया।

सोमवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण अपने काफिले के साथ साहबगंज स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय पहुंचे जहां विधायक व दर्जा प्राप्त पंचायतीराज राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंत्री असीम अरुण ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इसके साथ विद्यालय में चल रही कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत भी की। उन्होंने विद्यालय के शिक्षिकाओं से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिये। इस मौके पर विद्यालय अधीक्षक कृष्ण कुमार शंकर, प्रधानाचार्या सरिता वर्मा, अध्यापिका सोनम पांडे,शम्मी श्रीवास्त, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा, ग्रंट साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार, प्रधान गुरूपाल सिंह, राजपाल यादव, नरेंद्र सिंह उर्फ नीटू, भाजपा उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, लेखपाल अमरीक राज, सीओ अरूण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, रेहरिया चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद आदि मौजूद रहे।

## बंद क्रासिंग पर बाइक निकाल रहे लोगों पर हुई सख्ती

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) रेलवे क्रासिंग पर बंद गेट के नीचे से दुपहिया और साइकिल निकालने की खबर वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद आरपीएफ ने संज्ञान लेते हुये सख्त रवैया अपना है। मैलानी लखनऊ रेलखण्ड पर लालकुआं सप्ताहिक, गोमतीनगर एक्सप्रेस के अलावा सीतापुर व लखनऊ पैसेंजर सहित 6 जोडी ट्रेनों का आवागमन हो रहा है। इसके साथ इस रेलखण्ड पर यात्री पैसेंजर ट्रेन की अपेक्षा मालगाड़ियों की आवाजाही ज्यादा होती है। जिसके कारण टेज्नों के आवागमन के समय गोला गोकर्णनाथ स्थित अलीगंज रोड, भूतनाथ रोड व लखीमपुर रोड सहित तीनों रेलवे क्रासिंग को बंद किया जाता है। इंतजार से बचने के चक्कर में दोपहिया वाहन चालक जल्दबाजी में अपनी जान को जोखिम में डालकर बंद फाटक के नीचे से रेलवे लाइन पार कर नियम तोड़ते हैं। यह खबर समाचार में प्रकाशित होने के बाद सोमवार को आरपीएफ ने रेलवे क्रासिंग पर सुरक्षाकर्मी तैनात कर सख्ती दिखाई।

संक्षेप

## प्रधान पुत्र सहित आठ के खिलाफ रपट

आजमगढ़। जिले के रामपुर के प्रधान पुत्र प्रधान पुत्र चन्द्रशेखर सिंह उर्फ राहुल सिंह सहित 8 पर मारपीट रंगदारी का मुकदमा दर्ज हुआ है, यह मुकदमा अभिषेक सिंह निवासी प्रताप नगर कालोनी सलेमपुर हीरापट्टी आजमगढ़ जलजीवन मिशन की कार्यदायी संस्था सुधाकरा इन्फाटेक प्रा०लि० में उप परियोजना प्रबन्धक है, उन्होंने लिखवाया है, अपनी तहरीर में अभिषेक सिंह पुत्र दिवाकर सिंह निवासी प्रताप नगर कालोनी सलेमपुर हीरापट्टी आजमगढ़ जलजीवन मिशन की कार्यदायी संस्था सुधाकरा इन्फाटेक प्रा०लि० में उप परियोजना प्रबन्धक के पद पर कार्यरत है, संस्था को आवटित पेय जल योजना रामपुर में पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें गाँव के प्रधान के पुत्र चन्द्रशेखर सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र वंश बहादुर सिंह के द्वारा कई बार 10 प्रतिशत रंगदारी मांगी जा रही थी जिसको मना करने पर यह लोग 13/09/2025 को शाम पांच बजे के आस पास 35-40 की संख्या बल में मौके पर आकर बुरी तरह से मेरे साथ मारपीट किये, और जान से मारने की कोशिश किय। पुलिस द्वारा चन्द्रशेखर सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र वंश बहादुर सिंह, रामपुर, मेहनगर, ओम प्रकाश सिंह बन्टू गांव सिसवा, मेहनगर, आजमगढ़, पंकज पुत्र अजात गांव रामपुर, मेहनगर, आजमगढ़, संतोष सिंह गांव रामपुर, मेहमगर, आजमगढ़, कृष्णापाल सिंह, छोटू वर्मा, प्रहलाद वर्मा, दुर्गेश, छोटू तिवारी मेहनगर, आजमगढ़ सहित अजात पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

## फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या

जौनपुर । मुंगरा बादशाहपुर के सरायकाशी गांव में एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। 25 वर्षीय रुची मिश्रा ने अपने मायके में पंखे से लटककर जान दे दी। वह इन दिनों अपने मायके में रह रही थी। रुची के पिता कुंज बिहारी मिश्रा धार्मिक कार्य के लिए गया (बिहार) गए हुए थे। बीती रात को रुची ने अपने कमरे में चद्दर से फांसी लगा ली। सुबह जब यह घटना प्रकाश में आई, तो घर में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के समय घर में केवल रुची की भाभी मौजूद थी।रुची का विवाह करीब दो वर्ष पहले प्रतापगढ़ जिले में अतुल कुमार के साथ हुआ था। मुंगरा बादशाहपुर के प्रभारी निरीक्षक के के सिंह ने घटना की पुष्टि की है। गया में मौजूद पिता को जब घटना की जानकारी मिली तो वे गमगीन हो गए।

## आकशीय बिजली गिरने से बाप-बेटे की मौत

हलिया, मीरजापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी बाप बेटे अपनी पशुओं को जंगल में चराने गए थे। बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे बैठ गए बिजली गिरने से दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई।चौरा गांव निवासी राजेश (35) अपने बेटा दीपक (7) के साथ सोमवार को पशुओं को चराने जंगल गए थे वापस आते समय गरज चमक के साथ बारिश होने लगी बचने के लिए पलाश के पेड़ के नीचे खड़े हो गए पलाश के पेड़ के ऊपर बिजली गिरने से घटनास्थल पर दोनों की मौत हो गई। अगल-बगल के चरवाहों ने इसकी सूचना परिजनों को दी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पीएम कार्रवाई में जुट गई। मृतक राजेश के पास तीन बेटे थे जिसमें एक की मौत हो गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि बिजली गिरने से पिता पुत्र की मौत हो गई है।सूचना मिली है पीएम कार्रवाई की जा रही है।

## फंदे पर झूला युवक, मौत

हलिया, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के रामपुर नौडीहा गांव निवासी एक युवक फंदे पर झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र के रामपुर नौडीहा गांव निवासी प्रवेश पाल (23) घर से लगभग 15 किलोमीटर दूर बाणसागर नहर के पास जिगना के पेड़ में गमछा से झूलने से मौत हो गई है। बॉडी में दुर्गंध आ रही है पुलिस का मानना है कि 2 दिन पूर्व की घटना है परिजनों ने बताया कि घर से दूसरे की बाइक लेकर गए थे। लौट कर नहीं आए खोजबीन कर रहे थे। मृतक चार भाई तथा एक बहन थे। बाइक मिस्त्री का कार्यकर्ता था। अविवाहित था। घटना की जांच फोरेंसिक टीम द्वारा की गई है। मौत की सूचना पर पिता बाबूलाल पाल का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि फंदे पर झूलने से मौत हो गई है ग्रामीणों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# बस ट्रेलर में घुसी, चार की मौत, 10 घायल

जिला संवाददाता(vol)




जौनपुर ।जिले के लाइन बाजार में 50 श्रद्धालुओं से भरी एसी बस पीछे से ट्रेलर में घुस गई। हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दस लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में मरने वाले सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। वे रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए थे। वहां से वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जा रहे ।

बताया जा रहा है बस के आगे ट्रेलर चल रहा था। ओवरटेक के दौरान ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया और बस ट्रेलर से जा भिड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। हादसा इतना भयानक था कि आगे का केबिन पिचक गया।घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। ट्रेलर चालक से पूछताछ की जा रही है। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ देर जाम रहा, जिसे बाद में पुलिस ने खुलवाया। हादसा वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर के पास हुआ। बस में सवार दिलीप दास ने बताया कि हम 50 लोगों का एक ग्रुप 7 सितंबर को छत्तीसगढ़ से निकला था। हम सभी लोगों ने पहले अमर कंटक, मैहर देवी, चित्रकूट, वृंदावन, अयोध्या और फिर काशी विश्वनाथ दर्शन करने जा रहे थे।रविवार सुबह वृंदावन से अयोध्या धाम पहुंचे थे। हमने रामलला का दर्शन किया और अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की। इसके बाद ऑटो से अयोध्या घूमा। फिर रात 11 बजे खाना खाने के बाद हम सभी बस में बैठ गए। रात ज्यादा हो गई थी, इसलिए सभी लोग बस में सो गए थे।अयोध्या से निकलने के बाद करीब 3 बजे अचानक बस किसी गाड़ी से टकरा गई। दिलीप ने बताया कि वह पीछे बैठा था, इसलिए उसे केवल हल्की चोटें आईं। जब वह बस से उतरा तो देखा कि ड्राइवर का केबिन पूरी तरह पिचक गया था और ड्राइवर की केबिन में दबकर मौत हो गई थी। बस बाईं ओर से ट्रेलर से बुरी तरह टकराई थी। हमारे गांव का एक साथी बस की खिड़की से आधा बाहर लटक रहा था। लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल ले गई।

बस में सवार वर्षीया आशा पत्नी अमरिंदर निवासी गांधीनगर छत्तीसगढ़, 28 वर्षीय गुलाबो पत्नी खुशहाल साहू छत्तीसगढ़, 55 वर्षीय रेखा पत्नी बीपी छत्तीसगढ़ तथा बस चालक 35 वर्षीय महेश की मौत हुई जबकि घायलों में 50 वर्षीय तुलसी पत्नी नेपाल सिंह मानिकपुर छत्तीसगढ़, 25 वर्षीय सुमेश पुत्र ओमप्रकाश राजनंदगांव छत्तीसगढ़, 65 वर्षीय लखन दास 65 वर्ष छत्तीसगढ,.40 वर्षीय संडे मंडल पत्नी देवरान मंडल 65 वषीर्या ब्रायन मंडल, 40 वषीर्या सीमा दास 40 वर्ष पत्नी नरेश दास छत्तीसगढ़ तथा 38 वर्षीय गीता साहू 38 वर्ष पत्नी बिहू राम साहू मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे तथा आवश्यक व्यवस्थाएं कराई । श्रद्धालुओं को उनके निवास स्थान तक भेजे जाने हेतु सहायक सम्भागीय अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी बस से आपात स्थिति में शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत उक्त बस को गन्तब्य तक रवाना कर दिया गया। श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते, भोजन, पेयजल फल सहित अन्य व्यवस्था भी उपलब्ध कराई और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए दो पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है जो उनको गंतव्य स्थान तक पहुंचने में सहयोग करेंगे। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए उनका कुशल क्षेम भी पूछा और इस घटना के संबंध में जानकारी भी ली और कहा कि घटना के सम्बन्ध में जांच कराई जा रही है।

## लाठी से पिटाई अधेड़ की मौत

जौनपुर ।सुरेरी थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में एक युवक की मौत हो गई। राईपुर गांव में 55 वर्षीय गजराज पाल की उनके पिता धनजीत पाल और भाई प्रेम पाल ने कथित तौर पर पिटाई कर दी।घटना रविवार की रात की है। गजराज पाल अपने पिता और भाइयों से अलग रहते थे। जमीन के बंटवारे को लेकर उनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार रात को किसी बात पर कहासुनी हुई, जो मारपीट में बदल गई।मृतक की बहू अनीता देवी के अनुसार, पिता और भाई ने लाठी-डंडों से गजराज की पिटाई की। उन्हें सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घर पर कोई नहीं होने के कारण इलाज में देरी हुई और रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।मौत के बाद आरोपी पिता और भाई शव को छिपाने की कोशिश करने लगे। वे शव को मैजिक वाहन में लेकर जा रहे थे, तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने नई बाजार के बॉर्डर पर वाहन को रोका, जहां से चालक भाग निकला। पुलिय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हर्ष फायरिंग करते कैद हुआ पूर्व प्रधान का पुत्र, वीडियो वायरल

आजमगढ़।जहां कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग पर पूर्ण प्रतिबंध है, वहीं परंपराओं के नाम पर लोग इस खतरे से बाज नहीं आ रहे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें जिउतिया त्योहार के दौरान एक युवक द्वारा भीड़भाड़ वाले आयोजन में बंदूक चलाते हुए दिखाई दे रहा है। यह घटना रौनापार थाना क्षेत्र के आरजी अजगर मगरवी गांव की बताई जा रही है, जहां महिलाएं अपनी संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना कर रही थीं। वीडियो में नजर आ रहा है कि गांव के पूर्व प्रधान के बेटे विजय कुमार यादव अपने पिता के लाइसेंसी बंदूक से कई राउंड हर्ष फायरिंग कर रहे हैं। युवक बिना किसी डर के ऊपर की ओर गोलियां दागता नजर आता है, जबकि आसपास सैकड़ों लोग मौजूद हैं, कुछ खड़े तो कुछ बैठे हुए। फायरिंग के दौरान कोई अप्रिय घटना न होने से गांववासी सांसों में सांस ले पाए, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विजय कुमार यादव मनबढ़ और दबंग प्रवृत्ति का है, और इस तरह के हथकंडे से गांव में भय का माहौल बना रहता है। किसी ने इस दृश्य को मोबाइल पर रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जिसके बाद यह वायरल हो गया। पुलिस ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन स्थानीय सूत्रों के अनुसार रौनापार थाने में शिकायत दर्ज की जा चुकी है। जिले में हर्ष फायरिंग पर सख्ती के बावजूद ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो जनजीवन के लिए खतरा बनी हुई हैं।

## नाला निर्माण कार्य शुरू जलजमाव से मिलेगी निजात



आजमगढ़। सभासद मोहम्मद अफजल के तत्परता से 20 वर्षो से बदहाल पड़े कटरा त्रिमुहानी स्थित नाले की समस्या से निजात मिल गया। सभासद मोहम्मद अफजल व नगर पालिका अध्यक्ष सरफराज आलम मंसूर दोनों मौके पर पहुंचकर कार्यो का अवलोकन किए और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के लिए दिशा-निर्देश दिये। इस कार्य के शुरू होने का श्रेय लोगों ने सभासद व जिला योंजना समिति के सदस्य मोहम्मद अफजल को दिया है। बता दें कि कटरा तिराहे पर दशकों के पहले सड़क के बीचो बीच अंदर नाला का निर्माण हुआ था, जिसके कारण उसकी साफ सफाई नही हो पा रहा था। हल्की बारिश में ही मुहल्लेवासियों के घरों में नाली का पानी लग जाता था। उक्त समस्या के निजात को लेकर सभासद मोहम्मद अफजल लम्बे समय से नगर पालिका अध्यक्ष से शिकायत कर थे, लम्बे समय के बाद यह आमजनमानस से जुड़ा निर्माण कार्य शुरू हो सका, अब स्थानीय लोगों का जलजमाव की समस्या से निजात मिल सकेगा। जिससे स्थानीय जनता में खुशी दिखी। इस मौके पर पिंटू शुक्ला, अरविन्द कुमार चौरसिया, विष्णु सिंह पटेल, गुड्डू यादव, सुआल प्रसाद गोंड, शुभम साहू, प्रिंस श्रीवास्तव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## डॉ. केसी खत्री अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. भक्तवत्सल



आजमगढ़। डॉ. हैनीमैन एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा लखनऊ कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय 10वीं राष्ट्रीय होम्योपैथिक कांफ्रेंस होमकॉन 2025 का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय होमियोपैथी चिकित्सा परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. भक्तवत्सल को होमियोपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान तथा होमियोपैथी शिक्षा के विकास के लिए किए गए सराहनीय प्रयास के लिए लखनऊ के ख्यातिलब्ध चिकित्सक डा. केसी खत्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाईकोर्ट लखनऊ के न्यायमूर्ति मंजीत शुक्ला ने डॉ. हनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। सेमिनार में देश-विदेश से लगभग 650 शिक्षक, छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपने शोध प्रस्तुत किए। न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने कहा कि भारत की सभी चिकित्सा पद्धतियों का आपस में तुलनात्मक अध्ययन होना चाहिए। एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि यदि होम्योपैथी जनता के बीच में विश्वास दिलाना है तो डॉक्टरों को अपना विजन और होम्योपैथी पर समर्पण को ध्यान में रखना होगा। एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि भारत के लिए होम्योपैथी सबसे उपयुक्त चिकित्सा पद्धति है। डॉ. आनंद कुमार चतुवेर्दी कहा कि गहन अध्ययन शोध से मानवता के कल्याण लिए जन-जन के बीच विश्वास का वातावरण बनाना होगा। प्रो. डॉ. रामजी सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मामलों में सभी जगह से निराश मरीज को होम्योपैथी पर भरोसा रहता है। रामजी सिंह ने आगाह किया कि होमियोपैथिक चिकित्सकों को होमियोपैथी की ही चिकित्सा पर ही ध्यान केंद्रीत करना चाहिए। सरकार को भी चाहिए कि इन्हे दूसरी विधा अपनाने के लिए बाध्य न करे। अध्यक्ष डा. भक्तवत्सल ने कहा कि डा. हैनिमन एक मनीषी थे। उन्होने होमियोपैथी का आविष्कार करके सम समः समेत के सिद्धांत पर आधारित है जो कठिन से कठिन रोगों का निदान सरलता से कर देती है। आज नई तरह-तरह की बिमारियों का उद्भव हो रहा है जो आज भी मार्डन मेडिसिन के लिए अबूझ पहेली बनी हुई है, परन्तु होम्योपैथी में इन सभी बिमारियों का निदान सम्भव है। बस इसके लिए जरूरत है कि हम हेनिमैन के मूल सिद्धांतों पर चलते रहें। उन्होंने छात्रों से कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं है। आज कैंसर, ब्रेस्ट, बोन, शौच के रास्ते के कैंसर में होम्योपैथिक इलाज खासा कारगर है। उक्त अवसर पर केन्द्रीय होम्योपैथी आयोग मारभ के अध्यक्ष डा आनंद चतुवेर्दी, हमाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राम जी सिह, विधायक साकेंद्र वर्मा, एनआईएच के डा. सुभाष, डा सुवर्ण प्रवीन, डा फारुक जे मास्टर, डा. कास्टो, होम्योपैथी निदेशक डा. प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## लोको पायलट के मामले में छठवां आरोपी धराया



आजमगढ़।जनपद के जीयनपुर थाना क्षेत्र में लोको पायलट दुर्गेश कुमार की मारपीट के बाद इलाज के दौरान मृत्यु के मामले में पुलिस ने वांछित छठे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 15 सितंबर को सुबह 9:55 बजे श्रवण यादव (26 वर्ष), पुत्र विश्वनाथ यादव, निवासी बाजार खास, जीयनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया। इससे पहले इस मामले में पांच अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बताते चले कि बीते 7 सितंबर को शाम करीब 5:48 बजे दुर्गेश कुमार ने अपने भाई अजीत कुमार को फोन पर बताया कि गणेश यादव, अजय यादव, श्रवण यादव, शेरू यादव, गोविंद यादव और ज्ञानेंद्र मिश्रा ने उनके साथ मारपीट की, जिसके बाद वे खेत के पास घायल अवस्था में पड़े हैं। अजीत और उनकी चाची पुष्पा देवी तुरंत मौके पर पहुंचे और दुर्गेश को अमीना तिब्बिया अस्पताल, जीयनपुर ले गए। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में दुर्गेश ने दम तोड़ दिया। अजीत ने बताया कि 25 अगस्त को भी आरोपियों ने उनके भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। अजीत कुमार की तहरीर के आधार पर थाना जीयनपुर में मामला दर्ज किया गया। विवेचना क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा द्वारा की जा रही है। इसके पूर्व 10 सितंबर को पुलिस ने गणेश यादव, अजय यादव, शेरू यादव, गोविंद यादव और ज्ञानेंद्र मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। छठा अभियुक्त श्रवण यादव फरार था, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एनसीएल में राजभाषा पखवाड़ा-2025 का शुभारंभ

सोनभद्र। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जयसवाल, कंपनी जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई




प्रतिनिधि एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) पी डी राठी ने माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार अमित शाह तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजेश त्रिवेदी ने माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार जी किशन रेड्डी, महाप्रबंधक (औद्योगिक अभियान्त्रिकी) मनोज कुमार सिंह ने माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के हिन्दी दिवस पर प्राप्त संदेशों का वाचन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड के संदेश का भी वाचन किया गया। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी साईराम ने हिंदी को दैनिक जीवन और कार्यों में अपनाने व सरल हिन्दी के प्रयोग हेतु आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी आत्मीयता का सेतु हैय इसे सम्मान दें और आगे बढ़ाएँ। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनसीएल संजय सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राजभाषा पखवाड़ा के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से राजभाषा विभाग द्वारा अवगत कराया गया। गौरतलब है कि कंपनी के समस्त कोयला क्षेत्रों एवं इकाइयों में भी हिंदी दिवस पर राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। आगामी 28 सितंबर तक चलने वाले पखवाड़े के दौरान कंपनी में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग को बढ़ावा दिए जाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## चोरी की बाइक जब्त, 3 गिरफ्तार

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से पुलिस ने सोमवार सुबह चोरी की मोटरसाइकिल लेकर जा रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार सुबह एसआई रामविशाल हेड कांस्टेबल संजय यादव, कांस्टेबल पावस कुमार व दीपक कुमार संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मध्यप्रदेश की ओर से बिना नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल से तीन युवक ड्रमंडगंज की ओर जा रहे हैं। सूचना पर एस आई रामविशाल पुलिसकर्मियों संग बड़का मोड़ घुमान पर युवकों का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल तीनों युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर तीनों युवक हड़बड़ा कर बाइक को पीछे की ओर घुमाने लगे तो एस आई और पुलिस कर्मियों ने तीनों युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया। तीनों युवकों से बाइक का कागजात दिखाने के लिए कहा तो वह नही दिखा सके। पुलिस ने तीनों युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से एक मोबाइल फोन चार पांच चाबियों गुच्छा मिला। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो युवकों ने बताया कि चार पांच दिन पहले प्रयागराज के दारागंज से मोटरसाइकिल चोरी की थी इसका नंबर प्लेट निकालकर नदी में फेंक दिया है। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए युवकों ने पुलिस को अपना नाम पता अवनीश सिंह उर्फ अभिषेक सिंह निवासी सिपहुआ थाना कोरांव जिला प्रयागराज अवनीश सिंह निवासी सैंम्हा थाना कोरांव जिला प्रयागराज व राज सिंह निवासी मानपुर बड़ोखर थाना कोरांव जिला प्रयागराज बताया। पुलिस ने तीनों युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चोरी की बाइक को सीज कर दिया।

## शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने की उठी मांग



सोनभद्र। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर सोमवार को जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने कहा कि एक सितम्बर को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार सभी सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य कर दिया गया है, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कोई भी रही हो। इस निर्णय से देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका संकट में पड़ गई है।

मण्डल अध्यक्ष अखिलेश वत्स व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वैध नियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने और उन्हें सेवा समाप्ति अथवा आजीविका संकट से बचाने हेतु आवश्यक नीतिगत अथवा विधायी कदम उठाना जरूरी है। जिला महामंत्री इंदु प्रकाश सिंह, गणेश पांडेय, रवि भूषण सिंह व धीरेन्द्र पति त्रिपाठी ने कहा कि जिन शिक्षकों को पूर्व में टीईटी से छूट दी गई थी, उन्हें अब परीक्षा के दायरे में लाना अन्याय है। अखिलेश गुंजन ने कहा कि इस निर्णय से लगभग 20 लाख शिक्षक गहन चिंता में हैं। रविन्द्र चैधरी ने कहा कि न्यायालय को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए ताकि पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसका प्रभाव न पड़े। जय प्रकाश राय व अभिषेक मिश्र ने कहा कि जब तक समाधान नहीं होता निर्णायक आंदोलन जारी रहेगा। राज मौर्य ने कहा कि ऐसे निर्णय से शिक्षक समाज में गहरा असंतोष व्याप्त है। वकील अहमद व रविन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक की सेवा-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संगठन पूरी तरह कटिबद्ध है। महासंघ के नेता दिनेश दुबे ने घोषणा की कि समस्या का समाधान होने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर सौरभ कार्तिकेय, रविकांत मौर्य, राजेश वैश, कमलेश विश्वकर्मा, अरूणेश पांडेय, ममता पाण्डेय, मेघा सौनकिया, संजय सिंह, संजय मिश्रा, विजयानंद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## तेंदू पत्ता संग्रहण की दरों में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में तेन्दूपत्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत की गई।



बैठक में वर्ष-2025 के लिए समिति द्वारा दर निर्धारण के संबंध में विचार विमर्श किया गया। मण्डलायुक्त ने पिछले वर्ष 2024 की अपेक्षा 10 प्रतिशत की दर से तेन्दूपत्ता संग्रहण दरें में बढ़ोत्तरी का निर्देश दिया। इसके बाद सरकारी दर 2239 रुपए प्रति मानक बोरा एवं निजी क्षेत्र के लिए 2251 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित करने पर सहमति बनी। बैठक में जूम एप के माध्यम से जीएम प्रयागराज, सदस्य सुजाय बनर्जी, एवं आयुक्त कार्यालय सभागार में मुख्य वन संरक्षक व संयोजक मनीष मित्तल, प्रभागीय वनाधिकारी, आशुतोष जायसवाल, प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर, तापस मिहिर प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा, दिलीप कुमार प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट, कमल कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर, राकेश कुमार सदस्य, मो. आलम अध्यक्ष, आशीष कुमार उपाध्याय, प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

# पानी का लेबल घटते ही कनहर बांध के सभी फाटक किए गये बंद



दुद्धी, सोनभद्र। अमवार स्थित कनहर बांध की वाटर लेबल घटते ही कनहर बांध के सभी फाटक बंद कर दिए गए हैं। बरसात में कनहर बांध का जल स्तर बढ़ने के कारण इस साल 5 फाटक तक खोले गए थे, फिर जैसे - जैसे लेबल घटता गया धीरे -धीरे फाटक बंद किए जाने लगे।इस समय फिलहाल एक फाटक खुला था जिसे रविवार शाम को बंद कर दिया गया हैं। कनहर के सभी फाटक बंद होने से बांध के नीचे कनहर नदी का जल स्तर तेजी से घटने लगा हैं। कनहर सिंचाई परियोजना के जेई नंदलाल यादव ने बताया कि कनहर बांध की जल स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से कनहर बांध के सभी फाटक बंद कर दिए गए हैं, ताकि कनहर बांध का वाटर लेबल मेंटेन रहे। उन्होंने बताया कि 259 तक लेबल मेंटेन रखना हैं।

## केवाईसी के नाम पर ठगी का शिकार

करमा,सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बारी महेवा में आंगनबाड़ी विद्यावती द्वारा किशोरियों, प्रसूताओं का कराया जा रहा केवाईसी जिसमें नियम ताख पर रखकर घर बैठे केवाईसी के लिए ओ टी पी पूछी जा रही है। आंगनबाड़ी यदि चेती होती तो बच जाता भुक्तभोगी का 99 हजार रुपया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारी महेवा में इन दोनों आंगनबाड़ी विद्यावती द्वारा घर बैठे केवाईसी कार्य किशोरियों,प्रसूताओं सहित अन्य को मिलने वाली खाद्य सामग्री की जा रही है बीते दिन केवाईसी के लिए आंगनबाड़ी द्वारा फोन करके गांव के कुछ लोगों के यहां बताया गया कि आपकी केवाईसी किया जा रहा है जिससे अधिकारी जिले से केवाईसी कर रहे हैं जो भी आपसे पूछा जाए सही-सही जानकारी दे दे गांव के कुछ लोगों ने जानकारी देते हुए अधिकारी को बताया कि खाते में धन कम है जिसके कारण फ्राड से बच गए परंतु सेराज नामक युवक जाल में फस गया जिसमें 99 हजार रुपए से हाथ धोना बड़ा चर्चा की माने तो फ्रॉड व्यक्ति ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ती से गांव के किशोरियों प्रस्ताव की जानकारी चाहि थी जिसमें आंगनबाड़ी द्वारा अपने लिस्ट के अनुसार नाम पता बता दिया गया उसी में सेराज के पत्नी का भी नाम रहा।

## छात्र को ले जा रहे बदमाश छोड़कर भागे



जौनपुर । मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र में मंगरा कंपोजिट स्कूल, विकासखंड बरसठी में पढ़ने वाले सातवीं कक्षा के छात्र आदित्य पटेल के साथ किडनैपिंग का प्रयास किया गया।

शनिवार दोपहर को आदित्य जब स्कूल के बगीचे में शौच के लिए गया, तब दो अज्ञात बाइक सवार उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर ले गए। रास्ते में कुछ युवकों ने छात्र का इशारा देखकर बदमाशों का पीछा किया। बदमाश बच्चे को बरसठी रेलवे फाटक के पास छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना आदित्य के पिता मुन्ना पटेल ने बरसठी थाने में दी। सोमवार को निधापुर मंगरा गांव के लोग स्कूल पहुंचे और व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल में दो शौचालय हैं, जिनमें से एक में गंदगी का अंबार है, जबकि दूसरे पर ताला लगा रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि दूसरा शौचालय सिर्फ अध्यापकों के लिए आरक्षित है। छात्रों ने आरोप लगाया कि अध्यापक अरुण यादव उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं। स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने किडनैपिंग की शिकायत दर्ज कराने और शौचालय की समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने ग्रामीणों को थाने में लिखित शिकायत देने को कहा।

## धमकी देकर मांगे साढ़े 11 हजार रुपये

जौनपुर। जफराबाद रसूलाबाद मुहल्ले के एक युवक से फेसबुक पर अश्लील वीडियो देखने का आरोप लगाकर साढ़े 11 हजार रुपये मांगे। उक्त मुहल्ले के निवासी मुहम्मद शाहिद उर्फ शानू के फोन पर कॉल आयी दूसरी तरफ से व्यक्ति ने कहा कि तुम फेसबुक पर अश्लील वीडियो देखते हो। जब उसने कहा अश्लील नही बल्कि रील देखता है।तब उसने शानू से कहा तुम अश्लील विडिओ देखते हो।तुम अगर बचना चाहते हो तो तुम साढ़े 11 हजार रुपये मेरे द्वारा भेजे जा रहे स्कैनर पर भेज दो।अगर तुम नही भेजोगे तो तुम्हारे घर पुलिस की टीम जाएगी।तुम्हारे विरुध्द मुकदमा दर्ज होगा। वह गाली देता रहा। शानू बार बार कहता रहा कि वह अश्लील वीडियो नही देखता परन्तु वह फ्रॉड नही माना। शानू ने भयवश फोन काट दिया। कुछ लोगों ने ऊक्त नम्बर पर काल किया तो नम्बर बन्द था।

# नेपाल नहीं है भारत

भारत प्रगतिशील, कल्याणकारी और लोकतांत्रिक राष्ट्र है। हाल के वर्षों में सरकार के प्रयासों से गरीबी में भारी कमी आयी है। लोगों का जीवन स्तर सुधरा है और सरकार के प्रयास चारों तरफ परिणाम के रूप में दिखायी दे रहे हैं। ऐसे में जो लोग भारत में नेपाल दोहराना चाहते हैं उनको बहुत हताश होना पड़ेगा। आजकल कुछ स्वयंभू राजनीतिक विश्लेषक, स्वघोषित किसान नेता, सत्ता पर गिद्ध दृष्टि लगाये सियासी जमात के लोग सोशल मीडिया पर भारत में नेपाल जैसा घटनाक्रम घटित होने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ऐसे लोग बता रहे हैं कि मोदी सरकार के खिलाफ विद्रोह फूट सकता है, क्योंकि भारत में भी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता है। उद्धव की शिवसेना के अति उत्साही प्रवक्ता संजय राउत ने तो तब भी भारत में व्यापक बगावत की आशंकाएं जताई थीं जब श्रीलंका और बांग्लादेश में विद्रोह हुआ था। दरअसल भारत की तुलना छोटे, असंतुलित और निरंकुश देशों की अराजकता के साथ नहीं की जा सकती। ऐसे जन विद्रोह लोकतांत्रिक नहीं माने जा सकते क्योंकि इनमें हिंसा, हत्या, आगजनी की घटनाएं भी बहुत होती हैं। भारत का लोकतंत्र और संविधान अप्रतिम और अतुलनीय है। ऐसी ही टिप्पणी देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने भी की है कि हमारा संविधान ऐसा है कि देश स्थिर है और आगे भी रहेगा। भारत में सबसे अलोकतांत्रिक और न्याय पालिका पर भी अंकुश रखने वाला दौर आपात काल का था। तब भी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निरंकुश शासन के खिलाफ विद्रोह नहीं हुआ बल्कि राजनीतिक लामबंदियां की गईं। देश के बड़े नेताओं, सांसदों, पत्रकारों, लेखकों, गीतकारों आदि को 19 महीने तक जेलों में ठूंसा गया। यातनाएं भी दी गईं। जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व वाली 'संपूर्ण क्रांति' बगावत में भी बदल सकती थी लेकिन भारतीय संस्कार और विश्वास पूरी तरह लोकतंत्र पर कायम रहा। वह दौर भी अंतहीन नहीं रहा। अंततः चुनाव कराने पड़े और देश को एक नया राजनीतिक नेतृत्व मिला। दरअसल भारत के विभिन्न हिस्सों में कई आंदोलन किए जा चुके हैं। छात्रों, आरक्षण वादियों, आदिवासियों और किसानों के कई बड़े आंदोलन सामने आए हैं, लेकिन निरंकुश, हिंसक विद्रोह नहीं हुआ है। मोदी सरकार के दौरान ही किसान आंदोलन एक साल से भी अधिक समय तक जारी रहा। लेकिन सरकार ने आंदोलन पर न गोलियां चलवायीं और न ही आंदोलन करने वाले हिंसक हुए। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि खालिस्तानी हरकतें या पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवाद कोई आंदोलन नहीं बल्कि आतंकी हरकतें हैं। उन्हें भी सरकार के साथ संवाद की मेज पर आना पड़ा। दरअसल विश्व की आर्थिक महाशक्ति वाले देशों में भी बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक तनाव और विरोध प्रदर्शन के हालात बनते रहते हैं। भारत 145 करोड़ से अधिक आबादी वाला देश है और बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। बेशक यहां असमानता है और कुछ हद तक बढ़ी भी है लेकिन यही हालात पूरी दुनिया में हैं। कहीं भी सभी व्यक्ति बराबर नहीं हैं। आर्थिक असमानता गुलाम भारत में भी थी और आज स्वतंत्र भारत में भी है। यह अमरीका, जर्मनी, फ्रांस और चीन में भी है। जिन कारणों से नेपाल में विद्रोह हुए वैसी स्थितियां भारत में कदापि नहीं हैं। कुछ विदेशी, दुराग्रही कंपनियों के डाटा दिखा कर भारत को भी नेपाल या श्रीलंका की तरह चित्रित किया जा रहा है, लेकिन भारत ही ऐसा लोकतंत्र है जहां सत्ता का हस्तांतरण चुनाव के बाद सहजता और सौहार्द से हो जाता है। भारत प्रगतिशील राष्ट्र है और विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। देश में नेतृत्व के प्रति भरोसा है, राजनीतिक स्थिरता है, लोकतंत्र है और विकास का महौल भी है। ऐसे में युवा विद्रोह नहीं बल्कि विकसित भारत बनाने के उद्यम में लगे हैं।



**भारत में जो लोग नेपाल जैसे विद्रोह की भविष्यवाणी कर रहे हैं, वे दरअसल सियासी कुंठा, हताशा के शिकार हैं।**

# जीवन के लिए जरूरी है मजबूत ओजोन परत



वीना सुखीजा

**धरती के अस्तित्व को बचाने के लिए वायुमंडल की ओजोन परत को बचाना बहुत जरूरी है। इसलिए 16 सितंबर के दिन पूरी दुनिया में स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, दफ्तरों आदि में ओजोन परत बचाने के लिए सजगता बढ़ाने वाले व्याख्यान दिये जाते हैं ताकि लोग ओजोन परत को नष्ट करने वाली गैसों से अपने स्तर पर बचें और अपनी सजगता से ओजोन परत को बचाएं।**

ओजोन परत पृथ्वी के स्ट्रैटोस्फियर में पायी जाती है। दरअसल पृथ्वी का वायुमंडल कई परतों में बंटा है, इन्हीं में से एक स्ट्रैटोस्फियर है, जो ट्रौपोस्फियर के ठीक ऊपर और मेसोस्फियर के ठीक नीचे होता है। इस तरह वायुमंडल की यह परत यानी स्ट्रैटोस्फियर पृथ्वी की सतह से लगभग 10 किलोमीटर से 50 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैली होती है। इसी में एक सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है ओजोन परत का। दरअसल स्ट्रैटोस्फियर, ओजोन परत का घर होती है। लेकिन स्ट्रैटोस्फियर और ओजोन परत एक ही नहीं होते। जहां स्ट्रैटोस्फियर पृथ्वी के वायुमंडल की एक पूरी परत है, जो सतह से लगभग 10 से 50 किलोमीटर ऊंचाई तक फैली होती है और जिसमें अलग अलग तरह की गैसें पायी जाती हैं।

ओजोन परत इसी स्ट्रैटोस्फियर के अंदर मौजूद एक विशेष हिस्सा है, जो पृथ्वी से लगभग 15 से 35 किलोमीटर की ऊंचाई पर पायी जाती है। इस परत को ओजोन परत इसलिए कहते हैं, क्योंकि इस ऊंचाई पर पृथ्वी के वायुमंडल में जो गैस सर्वाधिक पायी जाती है, वह ओजोन गैस या ओ3 होती है। हम इंसानों को यही गैस सूर्य के आने वाली हानिकारक यूवी किरणों से बचाती है, क्योंकि ओजोन परत सूर्य की इन अल्ट्रावायलेट या यूवी किरणों को सोख लेती है। इस तरह ओजोन परत को हम धरती को यूवी किरणों से बचाने वाली सुरक्षात्मक छतरी मान सकते हैं। क्योंकि यह पृथ्वी के स्ट्रैटोस्फियर वायुमंडल में होती है। कहने का मतलब है स्ट्रैटोस्फियर जहां वायुमंडल की बड़ी परत है, उसी परत का एक खास और सुरक्षात्मक हिस्सा ओजोन परत होती है। चाहे तो इसे यूं भी समझ लें कि स्ट्रैटोस्फियर जहां पूरी इमारत है, वहीं ओजोन परत इस इमारत की एक खास मंजिल पर बनी सुरक्षा ढाल है।


1970-80 के दशक में वैज्ञानिकों ने पाया कि सीएफसी यानी क्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य रसायनों के कारण स्ट्रैटोस्फियर की ओजोन परत में गहरा छेद हो रहा है। इसे रोकने के लिए दुनियाभर के देशों ने मिलकर साल 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता धरती के पर्यावरण को बचाने के लिए अब तक की दुनिया की सबसे जरूरी पर्यावरणीय संधि मानी जाती है। क्योंकि 16 सितंबर 1987 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल सम्पन्न हुआ था, इसलिए इसकी याद में इस दिन हर साल ओजोन दिवस मनाया जाता है। ओजोन परत का विश्व पारिस्थितिकी में बहुत महत्व है। अगर ओजोन परत क्षतिग्रस्त हो जाए तो सूरज की यूवी किरणें सीधे धरती पर पहुंचेगी, जिसके नतीजे में बड़े पैमाने पर लोगों को त्वचा कैंसर और आंखों में मोतियाबिंद की समस्या हो जाएंगी। यही नहीं इंसान के अंदर जो रोग प्रतिरोधक क्षमता है, ओजोन परत के नष्ट हो जाने से इंसान की वह क्षमता नष्ट हो जायेगी और वह जरा जरा सी बीमारियों पर मरने लगेगा।

**ओजोन परत दिवस आज**

लेकिन ओजोन परत का महत्व सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं है, समूची धरती के लिए है। अगर ओजोन परत नष्ट हो गई तो पारिस्थितिकी का संतुलन भी नष्ट हो जायेगा। ओजोन परत पौधों को, फसलों को और समुद्री प्लाक को बचाती है, जो धरती की समूची खाद श्रृंखला का आधार हैं। ओजोन परत अगर नष्ट हो गई तो धरती में तापमान या गर्मी बेलगाम हो जायेगी, क्योंकि यह ओजोन परत ही है, जो वायुमंडलीय तापमान को संतुलित रखती है। इसलिए ओजोन परत को बचाना सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं, समूची धरती के लिए जरूरी है, जिसमें इंसान भी शामिल है और कुदरत भी शामिल है। इसलिए 1987 में ओजोन परत को बचाने के लिए सम्पन्न बैठक या मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल को विश्व ओजोन दिवस के रूप में याद किया जाता है, जो हर साल 16 सितंबर के दिन मनाया जाता है। दुनिया को यह याद दिलाने के लिए कि अगर ओजोन परत को नहीं बचाया गया तो धरती से जीवन और कुदरत सब कुछ नष्ट हो सकता है। सवाल है ओजोन परत को खतरा क्यों है और किससे है? जैसा कि शुरू में ही बताया गया है कि सीएफसी गैसें यानी क्लोरोफ्लोरोकार्बन गैसें पुराने फ्रिजों, एयरकंडीशनरों, हेयर स्प्रे और फॉम में इस्तेमाल होती थी। इन गैसों में से निकलने वाली क्लोरीन गैस और ब्रोमीन नामक लाल, भूरा तरल जो कि जल्द ही वाष्प बनकर गैस की तरह फैल जाता है, जिसकी गंध बहुत ही तेज होती है। क्लोरीन गैस और ब्रोमीन से तेज चुभने वाली गंध से जो परमाणु निकलते हैं, ये परमाणु ओजोन अणुओं को तोड़ देते हैं।

एक अकेला क्लोरीन या ब्रोमीन परमाणु हजारों ओजोन अंणुओं को नष्ट कर देता है। इस तरह देखा जाए तो ओजोन परत के सबसे बड़े दुश्मन क्लोरीन और ब्रोमीन के अणु हैं। इन्हीं गैसों से ओजोन परत को बचाने के लिए विभिन्न हानिकारक रसायनों के उपयोग पर वैज्ञानिक पाबंदी लगाने की बात करते हैं। विशेषकर सीएफसी यानी क्लोरोफ्लोरोकार्बन गैसे, जिनका उपयोग विशेषकर पुराने फ्रिज, एसी, हेयर स्प्रे, पेंट, फॉम (थमाकोल) और कीटनाशकों आदि में होता है। जब से ओजोन परत को बचाने की मुहिम चल रही है। आजकल ऐसी सभी चीजों के इकोफ्रेंडली विकल्प बाजार में उपलब्ध हैं और इन्हें अपनाने पर जोर दिया जाता है। इन दिनों बाजार में जिन प्रोडक्ट के इस्तेमाल से ओजोन परत को नुकसान नहीं होता, उन्हें सीएफसी फ्री उत्पाद कहते हैं। आजकल बाजार में मौजूद प्राकृतिक एयर फ्रेशनर, क्लीनर और ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि ये भी सीएफसी फ्री होते हैं। ज्यादा बिजली के उपयोग से भी ओजोन परत को नुकसान होता है। इसलिए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और ऊर्जा कुशल उपकरणों के प्रयोग पर जोर दिया जाता है। धरती में पेड़ लगाने और हरियाली को बढ़ाने की वकालत भी ओजोन परत को बचाने के लिए ही की जाती है।

अगर दुनिया में हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ हर साल लगाए, तो धरती के पर्यावरण की रक्षा ओजोन परत कर पाने में सक्षम हो सकते हैं। सार्वजनिक परिवाहन में जहां तक हो सके ग्रीन ऊर्जा के विकल्प को अपनायें और संभव हो तो बस, मेट्रो आदि में सामूहिक रूप से ही सफर करना चाहिए। संक्षेप में धरती के अस्तित्व को बचाने के लिए वायुमंडल की ओजोन परत को बचाना बहुत जरूरी है। इसलिए 16 सितंबर के दिन पूरी दुनिया में स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, दफ्तरों आदि में ओजोन परत बचाने के लिए सजगता बढ़ाने वाले व्याख्यान दिये जाते हैं ताकि लोग ओजोन परत को नष्ट करने वाली गैसों से अपनी स्तर पर बचें और अपनी सजगता से ओजोन परत को बचाएं। मानव जीवन के लिए ओजोन परत का संरक्षण बहुत जरूरी है।




## सोशल मीडिया

महिलाओं की समृद्धि और प्रगति के लिए हमने भाई-बहन मान योजना शुरू की है। हमारी सरकार बनने पर महिलाओं को 2500 प्रति माह दिये जायें। - तेजस्वी यादव.



भाजपा ने अपने सियासी सहयोगियों की जो दुर्गति की, उससे वो अपने समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं, उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि अब कहां जायें। अखिलेश यादव.



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पांचवें सर संघ चालक राष्ट्र भक्ति व संगठनात्मक कौशल के प्रतीक परम पूज्य के एस सुदर्शनजी की पुण्य तिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। केशव प्र. मौर्य.



# आस्था के विविध रूप

**अंतर्दृष्टि**

आस्था के विविध रूप होते हैं। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्क करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है। श्रद्धा या आस्था के अनेक स्वरूप हैं और हरेक स्वरूप मानवीय जीवन को उत्कृष्ट बनाता है और सामाजिक जीवन को जीवंत करता है।

# सत्ता जीवन का सत्य है

**व्यंगलोक**

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आये वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्ध दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बदलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है। झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं, सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं का अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटल, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रह कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो सत्ता में वे क्यों नहीं आयें, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो।



पूरन सरमा

# कारपोरेट जगत में डिग्री नहीं, स्किल का जलवा



**कॅरियर**

पहले जब कोई कहता था कि उसने आईआईटी, आईआईएम, हार्वड्स या ऑक्सफोर्ड से डिग्री ली है, तो कारपोरेट जगत में उसे एंट्री ऑटोमेटिक ही मिल जाती थी। लोग उससे ज्यादा सवाल जवाब करने की कोशिश नहीं करते थे। लेकिन हाल के कुछ सालों से इस चलन में कमी आ रही है बल्कि सच तो यह है कि अब बड़ी कारपोरेट कंपनियां इस बात की परवाह नहीं करतीं कि डिग्री कितने एलीट एकेडमिक संस्थान से है। आज नियुक्ति का व्यवहारिक परिदृश्य बिल्कुल बदल गया है। एलीट डिग्रियों के पीछे जो पहले जादुई ताकत हुआ करती थी, वह अब नहीं रही। अब बड़ी बड़ी कंपनियां अपने इम्प्लॉयी से परफोर्मेंस चाहती हैं, नतीजा चाहती हैं, उसकी डिग्रियां देखकर अपनी आंखों की संतुष्टिभर नहीं चाहतीं। यही कारण है कि दुनिया की बड़ी आईटी कंपनियां जैसे- गूगल, एप्पल, आईवीएम आदि में कई जॉब से हाल के सालों में डिग्री की अनिवार्य शर्त खत्म कर दी है, अब उन्हें सिर्फ रखे जाने वाले इम्प्लॉयी में प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल से ही लेना देना है यानी स्किल और आउटपुट अब पहले है, डिग्री बाद में है। यही कारण है कि बड़ी से बड़ी कंपनियां आपकी ऑनलाइन डिग्री पर ही भरोसा कर लेती हैं। किसी को इसकी जरूरत नहीं है कि आपने किसी एलीट शिक्षण संस्थान के कैंपस में वक्त गुजारा है या नहीं।

दरअसल साल 2018 के बाद से दुनिया की ज्यादातर कंपनियों में स्किल बेस्ड हायरिंग का चलन शुरू हुआ है। तब से लगातार कंपनियां भर्ती किये जाने वाले कर्मचारियों की डिग्रियों से ज्यादा उनकी कुशलता को महत्व दे रही हैं। खास तौरपर एआई और ग्रीन जॉब जैसे क्षेत्रों में। उदाहरण के लिए साल 2018 से 2023 के बीच इंग्लैंड में एआई रोल्स की मांग में 21 फीसदी की वृद्धि हुई और विश्वविद्यालय डिग्री की मांग में 15 फीसदी की गिरावट आयी। मतलब साफ है कि स्किल की वैल्यू पर अब बहुत ज्यादा जोर बढ़ गया है। कई कंपनियां माइक्रो सर्टिफिकेट, बूट कैंप और कौशल प्रशिक्षण वर्कशॉप को प्राथमिकता दे रही हैं। पहले गूगल और एप्पल जैसी टॉप कंपनियां टॉप यूनिवर्सिटी डिग्रीधारियों को ही अपने यहां भर्ती किया करती थीं। इन्होंने भी 2018 के बाद से इस तरह की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है।

**स्टार्टअप्स में भी यही कल्चर**

भारत के मशहूर स्टार्टअप्स जैसे- पेटीएम, ओला, जोमटो और जेरोढा में आजकल उम्मीदवारों की डिग्री पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता बल्कि इस बात पर ध्यान ज्यादा रहता है कि उम्मीदवार के काम करने का ट्रैक रिकॉर्ड और उसका स्किल क्या है? यही वजह है कि आजकल किसी वी. टेक डिग्रीधारी से कहीं ज्यादा प्राथमिकता एक ऐसे वेब डेवलपर को मिलती है, जिसने ऑनलाइन प्रोजेक्ट्स, हैक ऑन या गिट हब्स पर अच्छे प्रोजेक्ट दिखाये हैं। इसी तरह इन दिनों हिंदुस्तान में ज्यादातर सेमिकंडेक्टर कंपनियां फ्रेशर्स को 6 से 12 लाख सालाना पैकेज पर ले रही हैं। ये कंपनियां उन उम्मीदवारों को ज्यादा प्राथमिकता देती हैं, जिन्होंने एफपीजीए, वी एल एस आई डिजाइन, एआई प्रोजेक्ट्स में काम किया है, चाहे उनका कॉलेज या यूनिवर्सिटी कहीं की भी हो। मतलब यह है कि स्किल व प्रैक्टिकल एक्सपोजर अब डिग्री से बड़ा फैक्टर है।

**फ्रीलांसिंग व गिग इकोनॉमी**

अपवर्क, फीवरर या टैपटॉल जैसे प्लेटफॉर्म्स पर क्लाइंट सिर्फ यह देखते हैं कि व्यक्ति का प्रोफाइल और स्किल कैसा है? उन्हें इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि आपने हार्वर्ड से एमबीए किया है या किसी छोटे शहर से बीकॉम। अगर आपने दो हफ्तों में एक मोबाइल एप बना लिया तो आपको प्रोजेक्ट मिलेगा, न कि उस उम्मीदवार को मिलेगा, जिसकी डिग्री कितनी ही बड़ी हो, मगर एक एप बनाने में जिसके पसीने छूट रहे हों।

**क्यों हो रहा है ये बदलाव?**

इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि आज तकनीक बहुत तेजी से बदल रही है। नई टेक्नोलॉजी इतनी जल्दी नई हो रही है कि केवल डिग्री पर टिके रहने से आज काम नहीं चल रहा। कंपनियों को आज ऐसे लोग चाहिए, जो तुरंत काम शुरू कर सकें। तुरंत काम वही शुरू कर सकते हैं, जिनके पास पहले से ही प्रैक्टिकल नॉलेज हो। इसलिए आजकल ऐसे कर्मचारियों को ज्यादा तरजीह दी जाती है जो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कोरसेरा, यूडेमी और नेपटोल से स्किल हासिल कर रखी है। इसलिए यह व्यवहारिक तौर पर बिल्कुल सही है कि इन दिनों कारपोरेट दुनिया में आपकी एलीट डिग्रियों की बजाय आपके काम करने की व्यवहारिक क्षमताएं और कुशलता देखी जाती हैं। **नरेंद्र कुमार.**

## विचार

देह ही नहीं जो दिल से भी गुलाम हो गये हैं, वे कभी भी आजादी हासिल नहीं कर सकते हैं।

–महात्मा गांधी.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

कोई देश बिना आजादी के अच्छी तरह नहीं जी सकता है और न आजादी के बिना सत्कर्म को बरकरार रख सकता है।

–रूसो.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा–तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

– महावीर.

## आप की बात

### महिला सशक्तीकरण

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सड़कें हुए खस्ताहाल

हर बरसात में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने काम शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडर ग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने और मजबूत सड़क बनाने की जरूरत है।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

## संक्षेप

### बहू से हुई 29 लाख रुपये की ठगी

**आगरा।** एक बहू ने सास और पति पर 29 लाख रुपये लेने के बाद भी मकान का बैनामा नहीं करने का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बहू ने सास और पति पर 29 लाख रुपये लेने के बाद भी मकान का बैनामा नहीं करने का केस दर्ज कराया है। मामला हरीपर्वत थाना क्षेत्र का है। आरोप यह भी है कि विरोध करने पर पीड़िता को घर से निकाल दिया गया। पुलिस जांच में लगी है। दर्ज केस के अनुसार आजाद नगर हरीपर्वत निवासी गुरुमुखी ने पुलिस आयुक्त को तहरीर दी। बताया है कि 2019 में उन्होंने एक निजी कॉलेज में बीएएमएस में प्रवेश लिया था। पीजी में रहकर पढ़ाई की। 22 जुलाई 2022 को उनकी शादी जितेंद्र उर्फ पप्पू से तय हुई।

उस दौरान पिता मकान खरीदना चाहते थे। उन्होंने जितेंद्र से मकान देखने के लिए बोल दिया। उसने कहा कि उसकी मां शांति देवी आजाद गली स्थित मकान को बेचना चाहती हैं।35 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। पिता ने एडवांस में 12 लाख रुपये नकद शांती देवी को दिए।

# बेटी के उत्पीड़न की शिकायत पर दामाद का चाकू से हमला, पत्नी सहित चार घायल

जिला संवाददाता



**मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राधिका बिहार में पति और ससुरालीजनों द्वारा बेटी के उत्पीड़न की शिकायत लेकर आई सास और साले पर आक्रोशित दामाद ने चाकू से

- पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी
- घायल साले दीपक और हमलावर गजेन्द्र की हालत गंभीर

हमला बोल दिया जिसमें सास, पत्नी, साले व किराये पर रहने वाले युवक को घायल कर खुद दामाद ने अपना सिर ईंट से फोड़ लिया। लहुलुहान अवस्था में चारों घायलों को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया है जहां दो की हालत गंभीर बनी हुयी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राधिका बिहार कृष्णानगर निवासी गजेन्द्र (32) पुत्र मूलचंद के घर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब सुबह 10 बजे उसकी पत्नी पूजा (28) की मां सीमा देवी (50) पत्नी राजवीर सिंह फरीदाबाद से यहां पहुंची और दामाद से पूजा के उत्पीड़न के बारे में बातचीत कर उसे समझाने की कोशिश की जिससे दामाद गजेन्द्र ताव में आ गया और उसने साले दीपक (30) पर चाकुओं से हमला बोल दिया।

इसी दौरान बचाने आयी पत्नी पूजा, सास सीमा और उसी के मकान में किराये पर रहने वाले दीपक चैधरी (20) पुत्र वीरेन्द्र सिंह पर चाकुओं के प्रहार से लहुलुहान कर हमलावर ने खुद का सिर भी ईंट से फोड़ा, दो की हालत गंभीर घायल कर दिया। इसके बाद भी गजेन्द्र का शांत नहीं हुआ और उसने अपने ही सिर को ईंट से फोड़ लिया। लोगों के चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनकर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गयी। घटना की सूचना मिलते ही कृष्णानगर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया जहां आरोपी गजेन्द्र और उसके साले की दशा गंभीर बतायी जा रही है।

पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। इस हमले में घायल साले दीपक और हमलावर गजेन्द्र की हालत गंभीर बनी हुयी है।

# गौसेवा के नाम पर 21 करोड़ की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। जनपद में भारतीय स्टेट बैंक की छावनी स्थित शाखा में गौसेवा के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर 21 करोड़ रुपये की ठगी किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता और सरगना फिलहाल पुलिस की पकड़ से दूर है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस को एक मोबाइल फोन, दो फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं।

जिले के साइबर थाना के प्रभारी प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपियों की कारगुजारी का पता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की छावनी शाखा के प्रबंधक को उस समय लगा जब पिछले माह 27 अगस्त को उनके यहां गौसेवा ट्रस्ट के नाम से चालू खाता खोलने वालों के खाते में जमा रकम में से केवल सात लाख रुपये छोड़ कर बाकी 20 करोड़ 93 लाख रुपये दो-तीन दिन में ही अन्य खातों में अंतरित कर दिये गए। उक्त धनराशि उनके संयुक्त खाते में बीते चार से सात सितंबर के बीच विभिन्न खातों से जमा कराई गई थी। एक ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार पूरी रकम निजी खातों में जमा किये जाने और फिर अचानक से ही अन्य खातों में इसे अंतरित किए जाने पर प्रबंधक को दाल में कुछ काला नजर आया, तो उन्होंने खाता होल्ड करके एक खाताधारक को इसकी सूचना देकर कारण जानने का प्रयास किया। लेकिन उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

दूसरी ओर साइबर अपराध थाने को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिकॉर्ड पोर्टल (एनसीआरपी) के माध्यम से 10 दिनों के भीतर आगरा, अलीगढ़ के साथ ही राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु समेत देश के अलग-अलग राज्यों और शहरों से ऑनलाइन कुल 144 शिकायतें प्राप्त हो चुकी थीं, तब उक्त खाता खोलने वाले गौतम उपाध्याय निवासी लक्ष्मीपुरम कॉलोनी, शिवम कुमार और गोविंद कुमार निवासीगण सुंदरवन, बालाजीपुरम के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

अब पुलिस करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले सरगना का पता लगाने के साथ-साथ इस बात का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर इन लोगों ने इतने बड़े ठगी कांड को कैसे अंजाम दिया।

# खेल प्रतियोगिता में मूक बधिर बच्चों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा




**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय मूक बधिर स्कूल सुहाग नगर में जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति द्वारा सेवा सप्ताह के तहत कैरम, डक रेस म्यूज़िकल चेयर जूनियर म्यूज़िकल चेयर आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मूक बधिर बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिन्हें, स्टेशनरी व खाने पीने की चीजें और समस्त विजेताओं को मेडल सर्टिफिकेट और उपहार भेंट कर उत्साह वर्धन किया। अध्यक्ष प्राची अग्रवाल ने कहा कि मूक बधिरता एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति को सुनने और बोलने की क्षमता कम या नहीं होती है। लेकिन, यह कमी उनकी क्षमता और योग्यताओं को कम नहीं करती है ऐसे बच्चों को समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यदि हम उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारें तो, वे समाज में अपना अलग अस्तित्व बना सकते हैं। खेल और प्रतियोगिता बच्चों के लिए बहुत ही आवश्यक है इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है समय समय पर प्रतियोगिता होने से इन विशिष्ट बच्चों का मनोबल बढ़ता है ।प्रधानाचार्य के निवेदन पर स्कूल में बच्चों के खेल कूद के लिए पसंदीदा क्रिकेट किट, बैडमिंटन किट,हरडल एक पैर वाली साइकिल आदि सामान उपलब्ध कराया गया। प्रशासनिक निर्देशिका रीना गर्ग ने बताया कि कैरम प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा आठ के आयुष द्वितीय कक्षा छः की स्नेहा, तृतीय कक्षा चार के प्रांजू रहे एवं सांत्वना पुरस्कार कक्षा छह के अंशुल को दिया गया। डक रेस में प्रथम कक्षा आठ के अल्तमस, मिं प्रथम कक्षा पाँच के नैन्सी शुक्ला, द्वितीय कक्षा तीन वरुण के एवं तृतीय कक्षा छह के आकाश रहे ।इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य दीक्षा कुलश्रेष्ठ एवं वित्त निर्देशिका दीपा अग्रवाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विकास खंड स्तरीय किसान सभा का आयोजन




**मथुरा।** जनपद मथुरा के ब्लॉक राया में इफको नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी आधारित विकास खंड स्तरीय किसान सभा का आयोजन बी० पैक्स नगला जंगली पर किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि निरंजन सिंह धनगर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष एवं विशिष्ठ अतिथि डा० योगेश कुमार शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र रहे। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता मथुरा देवेंद्र कुमार शर्मा, समिति अध्यक्ष राजवीर सिंह, नगला जंगली ग्राम प्रधान चंद्र वीर सिंह, इफको उप क्षेत्र प्रबंधक मथुरा सतबीर सिंह एवं इस समस्त राया ब्लॉक समिति सचिव उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में उप क्षेत्र प्रबंधक इफको मथुरा सतबीर सिंह द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी व किसानों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उप क्षेत्र प्रबंधक के द्वारा इफको के उत्पादों पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताया गया कि किसानों को रासायनिक खाद दानेदार डीएपी, यूरिया के वैकल्पिक उर्वरक जो कि इफको द्वारा नैनो टेक्नोलॉजी से तैयार किए गए इफको नैनो यूरिया प्लस, इफको नैनो डीएपी के विषय में विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा इफको के प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए सभी उपस्थित नई-नई तकनीक आ रही है उसका प्रयोग अपनी खेती प्रणाली में करें व उसका लाभ ले। दानेदार रासायनिक खाद का प्रयोग कम करके नैनो उर्वरकों का प्रयोग करें। उनके द्वारा बताया गया कि यह सीधे फसल पर जाता है जिससे खेत की मिट्टी ,वायुमंडल एवं मानव स्वास्थ्य को किसी भी प्रकार का कोई भी खतरा नहीं है।

# भाई को खंभे से बांधकर पीटा

युवक को धमकी देकर भाग गए।

जिला संवाददाता

आगरा। नाबालिग बहन की बरामदगी को पुलिस के साथ गांव पहुंचे भाई को शुक्रवार रात में दबंग आरोपितों ने खंभे से बांधकर पीटा। शोर सुनकर पहुंचे पुलिसकर्मियों को देखकर आरोपित धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि ड्रोन की अफवाह से भ्रमित होकर ग्रामीणों ने युवक को पकड़ा था। अभी मामले की जांच की जा रही है। सिकंदरा क्षेत्र की एक 16 वर्षीय किशोरी पांच सितंबर को घर से लापता हुई थी। किशोरी के भाई ने इस मामले में सिकंदरा थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। उसने मुरैंडा गांव के बाबी पर शादी का झांसा देकर बहन को अगवा कर ले जाने का आरोप लगाया था। मुकदमे में बाबी के साथी लवकुश, राधेश्याम, विजय और अंकित को भी नामजद कराया था। पीड़ित के अनुसार, शुक्रवार रात 11.30 बजे वह मुरैंडा गांव में दबिश देने गई पुलिस टीम के साथ गया था। पुलिस अपनी गाड़ी गांव के बाहर ही छोड़कर आरोपितों

- सिकंदरा थाने में बलवा, मारपीट और जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज

की तलाश में चली गई। युवक पुलिस की गाड़ी के पास ही खड़ा था। तभी किशोरी को अगवा करने के आरोपित युवक के पिता और उनके साथ परिवार के अन्य लोग वहां पहुंच गए। उन्होंने किशोरी के भाई को धमकाया और मुकदमे में समझौता करने को दबाव बनाया। मना करने पर आरोपितों ने उसे खंभे से बांध दिया। इसके बाद लाठी-डंडों से उसको पीटा। शोर मचाने पर गांव में गए पुलिसकर्मी और ग्रामीण बचाने के लिए आ गए। तब तक आरोपित पीड़ित युवक की तहरीर पर सिकंदरा थाने में बलवा, मारपीट और जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। इसमें छुट्टैया, सोनू, संदीप, कन्हैया, जीतू, लवकुश, गोविन्द, नैहना, फतेह सिंह, भूदेव, उमेश चौधरी, अनमोल चौधरी, अनुभव चौधरी और कपिल नामजद हैं। इंस्पेक्टर सिकंदरा प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जांच में युवक के गांव में गलती से अंदर जाने पर ग्रामीणों द्वारा ड्रोन लेकर आने वाला चोर समझ लेने की जानकारी हुई है। जांच की जा रही है। किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा कर ले जाने के आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। गांव में पुलिस के साथ गए किशोरी के भाई को आरोपितों ने पीट दिया। इस दुस्साहसिक घटना में भी पुलिस एक भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस का कहना है कि अभी मामले की जांच की जा रही है।

# मोबाइल चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया है। सोमवार को थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा चोरी हुऐ मोबाइल फोन को बरामद कर चोरी करने वाले अभियुक्त ज्ञान सिंह उर्फ गिन्ना पुत्र मुन्नालाल निवासी गडी रंछोर थाना नारखी फिरोजाबाद को महाराजपुर गांव से गढी रन्छोर व सखावतपुर की ओर जाने वाले चौराहे पर थाना नारखी क्षेत्र से मय चोरी गये मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने 6 बच्चों को रेस्क्यू किया

**फिरोजाबाद।** थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम करने वाले 06 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। सोमवार को थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बालश्रम के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सूचनाओं व सुरागरसी के आधार पर थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत एटा चौराहा पर बालश्रम में संलिप्त 06 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के पश्चात सभी बच्चों को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया और उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम न कराया जाए,रेस्क्यू करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 विपिन कुमार थानाध्यक्ष थाना ए0एच0टी0 फिरोजाबाद उ0नि0 सोबरन सिंह,उ0नि0मौ0 शाहिद अली,उ0नि0 रविशंकर निषाद,म0हे0का0 राजकुमारी शामिल रहे।

# धर्मांतरण मामलाः राजकुमार को पंजाब लेकर पहुंची पुलिस, अंबाला में हो रही तलाश

जिला संवाददाता

आगरा। धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी की निशानदेही पर पुलिस कंचन मित्तल नामक महिला की तलाश में जुटी हुई है। उसकी लोकेशन पंजाब के अंबाला मिली। दो दिन की तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लग सका है। आगरा के थाना शाहगंज के केदार नगर में घर में धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी को रिमांड पर लिया गया है। उसे पुलिस पंजाब लेकर गई थी।

दो दिन तक अंबाला में कंचन मित्तल नामक महिला की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। केदार नगर कॉलोनी में एक घर के अंदर प्रार्थना सभा के बहाने लोगों को बुलाया जाता था।

उन्हें बीमारी ठीक करने का आश्वासन दिया जाता था। नौकरी की भी बात कही जाती थी। उसके बाद हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जाता था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई की थी। आरोपी राजकुमार लालवानी, अनूप कुमार, कमल सहित आठ को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने पिछले दिनों मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी को रिमांड पर लिया था। उससे कई घंटे तक पूछताछ की गई। इसमें अंबाला की रहने वाली कंचन मित्तल के गिरोह से जुड़े होने की जानकारी मिली थी। वह अंबाला में प्रार्थना सभा कराती है। जो लोग धर्मांतरण के लिए राजी हो जाते थे, उनको राजकुमार, कंचन के पास लेकर जाता था।

उसकी प्रार्थना सभा में शामिल करता था। इस पर पुलिस राजकुमार को अंबाला लेकर गई थी। कई जगह पर कंचन की तलाश की गई लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका।

आरोपी ने कई और नाम के बारे में बताया है। जिनमें महाराष्ट्र के लोग भी शामिल हैं, जो धर्मांतरण करते थे। लोगों को फंडिंग भी कराई जा रही थी।

एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि आरोपी से कई लोगों के नाम सामने आए हैं। उनकी तलाश की जा रही है। अब तक किसी नए व्यक्ति को नहीं पकड़ा जा सका है। कंचन की तलाश की जा रही है।

# संस्कृति विवि में अभिलिप्सा ने बहाई भक्ति की बयार



**मथुरा।** कम उमर में ही अपने शिव भक्ति से ओतप्रोत हर हर शंभू...गीत से लोगों के दिलों को झकझोरने वाली आवाज सोमवार संस्कृति विश्वविद्यालय में देर तक गूंजी। पितृ पक्ष की नवमी पर उड़ीसा की अभिलिप्सा पांडा संस्कृति विश्वविद्यालय में मौजूद थीं और विद्यार्थियों पर अपनी ईश्वर प्रदत्त आवाज से जादू बिखेर रहीं थीं। यह उनकी गायकी का ही असर था कि तेज धूप को भुलाकर छात्र-छात्राएं झूम-झूम कर उनके साथ गा रहे थे।

संस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर अभिलिप्सा पांडा के भक्ति से ओतप्रोत गीतों की ये शाम विवि की परंपरा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम का सारा संचालन विवि के छात्र-छात्राओं के हाथ में ही था। मैदान विद्यार्थियों से भरा हुआ था और विद्यार्थी कभी अभिलिप्सा तो कभी हर-हर शंभू का उद्घोष कर माहौल गर्मी में और गरम कर रहे थे। थोड़ी ही देर में कार्यक्रम की औपचारिकताओं के बाद अभिलिप्सा की खनखती हुई आवाज मंच से अपना जादू बिखेरने लगी।

अभिलिप्सा ने शिव तांडव स्तोत्र की कुछ लाइनें सुनाईं और बच्चों से साथ में दोहराने को कहा। ये अभिलिप्सा की आवाज का ही दम था कि बिना वाद्य यत्रों के उनका यह गायन छात्र-छात्राओं को साथ देने के लिए मजबूर कर रहा था। मंजिल केदारनाथ एल्बम का, मेरे भोलेनाथ जी....भोला सबको देता है, तू क्या जल चढ़ाएगा, जैसे भक्ति गीत के द्वारा अभिलिप्सा ने अपनी अनूठी गायकी से विद्यार्थियों में भक्ति की बयार बहा दी। गायत्री मंत्र का पाठ कर अपनी गायकी की सामर्थ्य का परिचय दिया। अभिलिप्सा की गायकी के बीच मंच पर सवाल-जवाब का दौर भी चला जिसमें इस युवा गायकी ने अपने जवाबों से अपनी सोच को भी बताया। हर हर शंभू, से जुड़े एक सवाल पर अभिलाषा ने कहा कि जब यह भजन बहुत लोकप्रिय हो गया तो मुझे अपनी सफलता से आगे भी ऐसे भजनों को नई जनरेशन के बीच जाने का बल मिला। मेरी सोच थी कि हमारी नई जनरेशन के लिए भजनों को नए संगीत के साथ जाने की जरूरत है। यह एक प्रयोग था और यह प्रयोग इतना सफल होगा, मुझे भी उम्मीद नहीं थी। एक अन्य सवाल पर अभिलिप्सा ने कहा कि हमारी जनरेशन खिवैया का रोल निभा रही है। हमारी धर्म संस्कृति को यही खिवैया पार लगाएंगे। इसी बीच विद्यार्थियों की मांग पर उन्होंने शिव भक्ति से ओतप्रोत एक और भजन सुनाकर विद्यार्थियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

वहीं वर्तमान युवा पीढ़ी के अंदर बढ़ रही निराशा, तनाव और नकारात्मकता के सवाल पर युवा गायिका ने कहा कि जहां के लोग ईश्वर से जुड़े हैं वहां कैसी नकारात्मकता और कैसी निराशा। हमारे युवा जो सांध्य वंदन करते हैं, ईश्वर से मन लगाते हैं उनको ये सब बीमारियां नहीं हो सकतीं।

इस बीच संस्कृति विश्वविद्यालय की शिक्षिका दुर्गेश वाधवा, ज्योति यादव ने अभिलिप्सा पांडा को पटुका ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। छात्र रसिक दुबे ने छात्र-छात्राओं को अभिलिप्सा पांडा का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। मंच पर अभिलिप्सा पांडा से संस्कृति एफएम 91.2 के आरजे जय और संस्कृति प्लेसमेंट सेल की ज्योति यादव ने सवाल-जवाब के सत्र को संपन्न कराया।

**डा. सचिन गुप्ता ने किया होनहार और लोकप्रिय गायिका का सम्मान**

संस्कृति विश्वविद्यालय आईं बहुत ही कम समय में अपार लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिलिप्सा पांडा को संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इतनी कम उमर में भारतीय संस्कृति को नए कलेवर के साथ अपनी गायकी में ढालने वाली गायिका निश्चित ही भारत ही नहीं भारत के बाहर भी अपना एक विशिष्ठ स्थान स्थापित करेंगी।

# घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**टूंडला।** बाइक सवार एक युवक को टैक्टर चालक द्वारा घायल कर दिया गया था, जिसकी इलाज के दौरान लगभग एक माह बाद मौत हो गई। उसका शव जैसे ही गांव में आया वैसे ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

ज्ञात रहे हरिओम पुत्र हरिविलास निवासी ठार चंद्रेश्वर विगत 10 अगस्त को बाइक से सब्जी लेने जा रहा था तभी बजहेरा चौराहे से पहले ही एक टैक्टर चालक ने उसकी बाइक को रौंद दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको आगरा में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसका वहां पर विगत एक माह से इलाज चल रहा था लेकिन रविवार को इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। उसका शव जैसे ही गांव में आया वैसे ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक शादीसुदा था। उसने अपने पीछे पुत्री व पत्नी को रोते बिलखते छोड़ा है। उसके चाचा दौलत राम पुत्र रोशन लाल ने थाना नगला सिंघी में उक्त टैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# हर्षोल्लास के साथ मना वार्षिक महोत्सव गाजे-बाजे के साथ निकली रथयात्रा



फिरोजाबाद। श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जलालपुर मे वार्षिक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गाजे-बाजे के साथ रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा का शुभारम्भ मेयर कामिनी राठौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा अरुण कुमार जैन पीलीकोठी चंद प्रकाश जैन व पंकज कुमार जैन का मेला समिति द्वारा तिलक लगाकर साफा माला दुप्पटा आदि पहनाकर स्वागत किया गया। रथयात्रा सरक्युलर रोड बड़ा डाकखाना रामलीला होते हुए श्री शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नसिया जी पर संपन्न हुई। वहाँ से रथ द्वारा श्रीजी को मंदिर कमेटी द्वारा जलालपुर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ले जाया गया ।रथ के जलालपुर पहुँचने पर सौधर्म इंद्र स्वरुप धारण किये जिनभक्तों ने सिहोनिया से पधारे महेंद्र जैन शास्त्री के मन्त्रोंच्चारण से रजत कलशों से जिनाभिषेक किया। श्रीजी के चित्र का अनावरण संजीव कुमार जैन एडवोकेट मनोज कुमार जैन दद्दा द्वारा किया गया। वहीं श्रीजी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कुंज बिहारी लाल जैन, महेश चन्द्र जैन मिल्टन जैन के द्वारा किया गया। प्रातः संगीतकार संतोष एंड पार्टी भरतपुर के द्वारा आदिनाथ विधान का आयोजन किया गया विधान में श्रीजी को अर्घ समर्पित किए गए ।कार्यकम में मुख्य अतिथि सतेंद्र जैन सोली व चंद्रवार मेला के महामंत्री अरविन्द कुमार जैन व सिद्ध स्वरूप जैन को तिलक लगा कर पगड़ी साल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी के निदेशक रमेश चंद्र अध्यक्ष मनीष जैन महामंत्री विनोद कुमार जैन मंत्री पंकज जैन कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जैन एलआईसी ऑडिटर आयुष जैन संयोजक मेला कमेटी के अध्यक्ष शिवा जैन महामंत्री मनीष जैन मोनू, कोषाध्यक्ष शिवम जैन, ऑडिटर ऋषभ जैन चंद्र प्रकाश ,कुंज बिहारी अशोक कुमार जैन मनोज कुमार जैन संतोष संजीव जैन एडवोकेट मनोज जैन दद्दा कृष्णा जैन नरेंद्र जैन रोकी आदि मौजूद रहे।

# चार धाम, बारह ज्योतिर्लिंग के तीर्थ यात्री आदित्य का सम्मान

जिला संवाददाता



**टूंडला।** टूंडला नगर के नवयुवक आदित्य सिकरवार जन्म से ही सनातन धर्म में अटूट आस्था और विश्वास रखते आएं हैं।

अभी हाल ही में चैत्र नवरात्रि में उन्होंने अपनी भक्ति की मिसाल पेश करते हुए पैदल ही चार धाम और बारह ज्योतिर्लिंग तीर्थ यात्रा करने का संकल्प लिया ।उनकी इस अत्यन्त कठिन और साहसिक यात्रा के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर नगरवासियों द्वारा जगह जगह उनका स्वागत व सम्मान किया जा रहा है ।इसी श्रखंला में टाइनी टोट्स स्कूल में उनका स्वागत स्कूल प्रिंसिपल ललिता पिल्लई जी द्वारा किया गया। उन्होंने व उनके स्कूल स्टॉफ ने बच्चों की मौजूदगी में आदित्य के मस्तक पर तिलक कर उन्हें माला, पटुका व उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया। आदित्य ने अपनी इस यात्रा के अनुभव बच्चों व स्कूल स्टॉफ से साझा किए। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल ललिता पिल्लई ने कहा कि आदित्य सिकरवार की इस अत्यन्त कठिन, साहसिक, व धार्मिक यात्रा के लिए हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने अपनी भक्ति की पराकाष्ठा को प्रदर्शित किया। गर्मी, धूप, बारिश किसी की परवाह न करते हुए अपनी इस धार्मिक यात्रा को जारी रखा। इस यात्रा के दौरान ना ही उनके पास रुकने के लिए कोई पूर्व व्यवस्था थी और ना ही खाने पीने की कोई समुचित प्रचुर सामग्री। रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों, आश्रमों, भक्त लोगों के निवास पर रात्रि में रुक कर उन्होंने यात्रा जारी रखी। कभी कभी रुकने की व्यवस्था न होने पर उन्हें पेट्रोल पंप , सड़क पर भी अपना टेंट लगाकर रात्रि काटनी पड़ी।

मात्र 155 दिन में उन्होंने ये यात्रा पूर्ण की है। उनकी इस अविश्वनीय उपलब्धि पर हमने उन्हें सम्मानित किया है ।रवि सक्सेना ने कहा कि आदित्य सिकरवार की ईश्वर के प्रति अटूट आस्था, विश्वास और भक्तिभाव हम सभी को प्रेरित करता है। उनके साथ पूर्व में एबीवीपी में कार्य करने का अनुभव रहा है ।वे नगर मंत्री के दायित्व पर एबीवीपी टूंडला में रहे हैं। वो मेरे स्कूल अध्ययन काल में सीनियर रहे हैं। उनकी इस साहसिक तीर्थ यात्रा के लिए मैं उनकी प्रशंसा व अभिनंदन करता हूं। इस अवसर पर गुरदीप नौहवार, मनमोहन शर्मा, किशोर यादव, पुष्पेंद्र यादव आदि व स्कूल स्टॉफ व बच्चे उपस्थिति रहे।

# फतेहाबाद में सड़क पार कर रहे युवक को रातभर वाहनों ने रौंदा

आगरा। सड़क पार कर रहे युवक को रविवार रात फतेहाबाद क्षेत्र में वाहन ने रौंद दिया ।आसपास कोई गांव नहीं था और रोड पर अंधेरा भी था। इसलिए आधा घंटे तक शव को वाहन रौंदते रहे। शव इतनी बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया कि पुलिस को उसे समेटने में तीस मिनट लग गए ।युवक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुलिस आसपास के गांवों में शिनाख्त का प्रयास कर रही है। फतेहाबाद- बाह रोड पर बिलौनी मोड़ के पास रविवार रात 8.30 बजे एक युवक सड़क पार कर रहा था ।तभी किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई ।इसके बाद एक के बाद एक वाहन उसके ऊपर से निकलता रहा। करीब आधा घंटे तक वाहन शव को रौंदते रहे। इससे शव क्षत-विक्षत हो गया। रोड पर अंधेरा था, लेकिन वाहन की लाइट में किसी राहगीर ने शव को देखा तो उसने पुलिस को सूचना दे दी। फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची तो शव को समेटने में पुलिस को बहुत समय लग गया ।शव के पास ऐसा कोई पेपर या अन्य वस्तु नहीं मिली है, जिससे उसकी पहचान हो सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि एक युवक दो दिन से सड़क के आसपास घूमता हुआ देखा गया था ।वह कहां का रहने वाला था? इसकी किसी को जानकारी नहीं है। पुलिस का मानना है कि युवक आसपास का ही होगा? क्योंकि वह पैदल ही घूम रहा था। इंस्पेक्टर फतेहाबाद धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि युवक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शहीदों की तृप्ति के लिए पितृपक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**मथुरा।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन वृंदावन केशव धाम के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय अध्ययन केंद्र में किया जा रहा है। जिसके माध्यम से राष्ट्र अपने उन अमर बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है, जो पहलगाम की धरती पर हुए आतंकी हमले में बलिदान हुए और इसी अमानवीय कृत्य का विधर्मियों से ऑपरेशन कि आयोजन 15 सितंबर से 21 सितंबर तक किया जाएगा। जिसके मुख्य अजमान मध्य प्रदेश शासन में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला होंगे तथा कथा का श्रोताओं को श्रवण साध्वी सरस्वती दीदी कराएंगी। इस अवसर पर केशव धाम के निदेशक ललित जी, संजय भैया आदि मौजूद्र रहे।

संक्षेप

## टाटा मोटर्स ने पार किया 25,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन का आंकड़ा

मुंबई। टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब इलेक्ट्रिक लघु वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों के लिए पूरे देश में 25,000 से अधिक सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध हो गए हैं। ये चार्जर 150 से अधिक शहरों में स्थापित हैं, जिनमें दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद प्रमुख हैं। ये स्टेशन प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के पास स्थित हैं, जिससे डिलीवरी ऑपरेटरों को अपने वाहनों की रेंज और संचालन में अधिक सुविधा, समय की बचत और आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित होती है। टाटा मोटर्स ने चार्जिंग ढांचे को और तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख चार्जिंग ऑपरेटरों के साथ समझौते किए हैं। अगले 12 महीनों में साझेदारी के तहत 25,000 और सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। सभी मौजूदा और आगामी चार्जिंग लोकेशन अब फ्लीट एज प्लेटफॉर्म पर दिखाई देंगे, जिससे ग्राहक रीयल-टाइम नेविगेशन और उपलब्धता देखकर आसानी से चार्जिंग कर सकेंगे।

## वाधवानी फाउंडेशन और फोनपे में साझेदारी

बंगलुरु। वाधवानी फाउंडेशन और फोनपे पेमेंट गेटवे ने साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत वाधवानी फाउंडेशन के प्रमुख प्रोग्राम लिफ़्ट ऑफ और एक्सेलरेट को फोनपे के डिजिटल पेमेंट समाधानों और इंडस ऐपस्टोर के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि उद्यमियों और व्यापारियों को एक मजबूत विकास मंच मिल सके। यह पहल छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए डिजिटल भुगतान, पूंजी, ग्राहकों और बाजार तक आसान पहुँच सुनिश्चित करेगी। उद्देश्य यह है कि नए उद्यम तेजी से, कम लागत में और टिकाऊ तरीके से बढ़ सकें। साझेदारी पर विचार रखते हुए, मीतुल बी. पटेल, अध्यक्ष उद्यमिता, वाधवानी फाउंडेशन ने कहा हमारा लक्ष्य है उद्यमियों को सशक्त बनाकर रोजगार सृजन और समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाना।

## डाबर और रेकिट की मीशो मॉल से साझेदारी

नई दिल्ली,मीशो मॉल ने एफएमसीजी कंपनियों, डाबर एंड रेकिट के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी की मदद से उनके भरोसेमंद पर्सनल केयर उत्पाद पूरे भारत में उपलब्ध होंगे। इस सहयोग के साथ ही, ड्यूरेक्स, मूव, वीट, डेटॉल और डाबर जैसे लोकप्रिय ब्रांड खासकर टियर 2+ शहरों में मीशो के ग्राहकों को आसानी से मिल सकेंगे। यह साझेदारी भारतीय परिवारों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद आसानी से उपलब्ध कराने की उनकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। मीशो मॉल पर उनके पोर्टफोलियो के विस्तार से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स में मीशो मॉल की पहुँच मजबूत होगी।

## कलर कोटेड शीट्स की विनिर्माण क्षमता को मजबूत करेगी कामधेनू लिमिटेड

नयी दिल्ली। कामधेनू लिमिटेड, ब्रांडेड टीएमटी बार के खुदरा बाजार में भारत के सबसे बड़े निमार्ता और विक्रेता ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने ब्रांड 'कामधेनु कलर मैक्स शीट' की बाजार हिस्सेदारी और उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए आज उसकी निर्माण क्षमता में 25% वृद्धि की घोषणा की। नई रणनीति हाल के दिनों में क्षेत्र में प्राप्त उत्पादों की बढ़ी मांग के अनुरूप विकसित की गई है। कामधेनु कलर कोटेड शीट्स का उपयोग कई सरकारी और गैर-सरकारी परियोजनाओं में किया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार बढ़ते आवास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के कारण हमारे उत्पादों की मांग भी बढ़ी है, इसे देखते हुए, हम अपनी उच्च गुणवत्ता वाली कलर कोटेड शीट की उत्पादन क्षमता में इजाफा कर रहे है।

## नयनिका सेनगुप्ता के रूप में नजर आयेंगी काजोल

नईदिल्ली। सीरीज द ट्रायलः प्यार कानून धोखा के दूसरे सीजन में काजोल एक बार फिर नयनिका सेनगुप्ता के रूप में नजर आएंगी। इस बार नयनिका और भी मजबूत, तेज और भावनाओं से भरी दिखाई देंगी। उमेश बिस्ट के निर्देशन और बनिजे एशिया के प्रोडक्शन में बनी यह सीरीज 19 सितंबर 2025 से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीजन में दांव और ऊँचे होंगे, धोखे और गहरे होंगे, और नयनिका को न सिर्फ हाई-प्रोफाइल केस लड़ने होंगे बल्कि अपनी निजी ज़िंदगी के तूफानों का सामना भी करना होगा।

# सेंसेक्स में 119 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक के नुकसान में रहा और एनएसई निफ्टी में भी आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और यह 118.96 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 81,998.51 अंक के उच्चस्तर तक गया और नीचे में 81,744.70 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 44.80 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों को इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार है। इससे वे बाजार से दूर रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर रहे। इसके अलावा, पिछले सप्ताह की तेजी के बाद आईटी सूचकांक में मुनाफावसूली देखी गई। हालांकि, बाजार यह मानकर चल रहा है कि प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती होगी और इसके प्रभाव को काफी हद तक शामिल कर लिया गया है। हालांकि, उसे बॉन्ड प्रतिफल की दिशा का आकलन करने के लिए भविष्य की ब्याज दरों के बारे में मार्गदर्शन का इंतजार है। मजबूत घरेलू खपत से धारणा अच्छी बनी हुई है और गिरावट सीमित है। जबकि व्यापार समझौते को लेकर नए सिरे से उम्मीद बंधने और वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में आय में अपेक्षित सुधार से निवेशकों का विश्वास और मजबूत हो रहा है। छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.40 प्रतिशत के लाभ में रहा। भारतीय बाजारों में सोमवार का सत्र सुस्त रहा, अस्थिर और सीमित दायरे में कारोबार के बीच मानक सूचकांकों में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

# रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 88.20 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद छह पैसे बढ़कर 88.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी व्यापार शुल्क को लेकर चिंताओं और फेडरज रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच रुपया फंसा रहा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित करने और इसके त्वरित अवमूल्यन को रोकने में मदद मिली है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.25 पर खुला, फिर दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 88.30 के निचले स्तर और 88.13 के उच्च स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 88.20 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को, रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 88.26 पर बंद हुआ था। निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और वैश्विक व्यापार की गतिशीलता आगे चलकर रुपये के लिए महत्वपूर्ण होगी। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि बाजार का ध्यान अब इस बात पर केंद्रित हो गया है कि 17 सितंबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व क्या कदम उठाएगा, क्योंकि ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें डॉलर की भविष्य की मजबूती को लेकर अनिश्चितता पैदा कर रही हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत घटकर 97.48 रह गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.40 प्रतिशत बढ़कर 67.26 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 118.96 अंक टूटकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 44.80 अंक के नुकसान के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 129.58 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# आयकर विभाग ने कहा नहीं बढ़ेगी समयसीमा

नयी दिल्ली। आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख होने का कारण कर विभाग के पोर्टल पर सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने लॉगइन किया। इस कारण उपयोगकर्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्होंने सोशल मीडिया पर गड़बड़ियों की शिकायत की। बड़ी संख्या में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा 15 सितंबर से आगे बढ़ाने की मांग की।

दूसरी ओर विभाग ने कहा कि पोर्टल ठीक से काम कर रहा है और व्यक्तियों, एचयूएफ और उन लोगों द्वारा आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने का कोई संकेत नहीं दिया, जिन्हें वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए अपने खातों का ऑडिट नहीं कराना है। वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। पिछले कुछ दिनों में कई चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य लोगों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि आयकर पोर्टल पर कर भुगतान और एआईएस (वार्षिक सूचना विवरण) डाउनलोड करते समय गड़बड़ियां आ रही हैं। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने सोमवार को यह भी शिकायत की कि वे ई-फाइलिंग पोर्टल में लॉग इन नहीं कर पा रहे हैं।

# अगस्त में यात्री वाहनों की थोक बिक्री नौ प्रतिशत घटी

नयी दिल्ली। कंपनियों से डीलरों को भेजे जाने वाले यात्री वाहनों की संख्या अगस्त में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत घटकर 3,21,840 इकाई रह गई। कंपनियों ने कम बाजार मांग के अनुसार आपूर्ति में बदलाव किया।



वाहन उद्योग के निकाय सियाम ने यह जानकारी दी। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अगस्त 2024 में 3,52,921 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 18,33,921 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 17,11,662 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने एक बयान में कहा कि यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्माताओं के आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव करने के चलते हुई। ग्राहकों ने जीएसटी दर में कटौती और वाहनों की कीमतों में कमी की उम्मीद में खरीदारी स्थगित कर दी। इस वजह से अगस्त में मांग में गिरावट आई। स्कूटर की बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 6,83,397 इकाई हो गई। इस दौरान मोटरसाइकिल की बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 11,06,638 इकाई रही। तिपहिया वाहनों की बिक्री अगस्त महीने में अब तक की सबसे अधिक 75,759 इकाई रही।

# अगस्त में निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। देश का निर्यात अगस्त महीने में 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर हो गया जबकि आयात 10.12 प्रतिशत घटकर 61.59 अरब डॉलर रह गया।

सोमवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वाणिज्य मंत्रालय ने अगस्त महीने के व्यापार आंकड़े जारी करते हुए कहा कि अगस्त महीने में देश का व्यापार घाटा 26.49 अरब डॉलर पर आ गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 35.64 अरब डॉलर था। पिछले महीने देश ने कुल 35.1 अरब डॉलर का निर्यात किया जो एक साल पहले की समान अवधि में 32.89 अरब डॉलर था। इस दौरान देश का आयात घटकर 61.59 अरब डॉलर रह गया जो पिछले साल के समान माह में 68.53 अरब डॉलर था। अगस्त माह के बेहतर प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में देश का कुल निर्यात 184.13 अरब डॉलर हो गया जबकि इस दौरान कुल आया 306.52 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन व्यापार आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि वैश्विक और व्यापार नीति संबंधी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के निर्यातकों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# चांदी बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलो के नये शिखर पर

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 300 रुपये बढ़कर l,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से 500 रुपये घट गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला मानक सोना सोमवार को 500 रुपये गिरकर l,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जिससे इसकी चार दिनों की बढ़त का सिलसिला टूट गया।



शुक्रवार को यह 700 रुपये बढ़कर l,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसके साथ ही 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये की गिरावट के साथ l,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह l,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी 300 रुपये बढ़कर l,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को यह l,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा व्यापारियों ने कहा कि चांदी की निरंतर वृद्धि निवेशकों की बढ़ती रुचि और इसकी औद्योगिक मांग के प्रति आशावाद को दर्शाती है, साथ ही कमजोर अमेरिकी श्रम बाजार ने आसान मौद्रिक नीति पर दांव लगाने को बढ़ावा दिया है। चालू कैलेंडर वर्ष में चांदी की कीमतें 31 दिसंबर, 2024 के 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम से 42,600 रुपये प्रति किलोग्राम या 47.5 प्रतिशत बढ़ गई हैं। सोमवार को सोने में गिरावट दर्ज की गई। व्यापारी सतर्क रहे और बहुप्रतीक्षित फेडरल रिजर्व की नीति बैठक से पहले नई खरीदारी से परहेज किया। फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय बैठक 16 सितंबर से शुरू होकर 17 सितंबर को समाप्त होगी, जिसमें नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 3,645.12 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 42.20 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई। पश्चिम एशिया में तनाव और पूर्वी यूरोप में नाटो की नई भागीदारी सोने के लिए जोखिम प्रीमियम प्रदान करती रही है। बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान की नीतिगत बैठकों में इस सप्ताह आने वाले अमेरिकी खुदरा बिक्री और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर नजर रहेगी। इन रुझानों से निकट भविष्य में सर्राफा कीमतें प्रभावित होंगी।

# भारत का वनस्पति तेल आयात अगस्त में सात प्रतिशत बढ़कर 16.77 लाख टन पर

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को कहा कि आयात शुल्क में बदलाव के बाद रिफाइंड पामोलिन की खेप में भारी गिरावट के बावजूद, अगस्त में भारत का वनस्पति तेल आयात पिछले साल के इसी महीने की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 16.77 लाख टन हो गया।

अगस्त, 2024 में कुल वनस्पति तेल आयात 15.63 लाख टन रहा था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि देश ने अगस्त में 16.21 लाख टन खाद्य तेल और 55,821 टन अखाद्य तेलों का आयात किया। खाद्य तेलों में, कच्चे तेल का आयात अगस्त में बढ़कर 16.13 लाख टन हो गया, जबकि रिफाइंड पामोलिन की खेप एक साल पहले के 92,130 टन से घटकर 8,000 टन रह गई। सरकार ने कच्चे पाम तेल (सीपीओ) और रिफाइंड पाम तेल (आरबीडी पामोलिन) के बीच आयात शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत कर दिया है, जो 31 मई से प्रभावी है। इससे रिफाइंड तेल का आयात लाभ का सौदा नहीं रह गया है। शुल्क अंतर बढ़ाने का सरकार का फैसला एक साहसिक और समयोचित कदम है। इससे रिफाइंड पामोलिन के आयात में कमी आई और मांग वापस कच्चे तेल की ओर मुड़ गई, जिससे घरेलू रिफाइनिंग क्षेत्र में नई जान आ गई। अगस्त में कच्चे पाम तेल का आयात एक साल पहले के सात लाख टन से बढ़कर 9.79 लाख टन हो गया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन

रायबरेली। वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान-2025 के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा, रायबरेली क्षेत्र द्वारा जनपद रायबरेली की ग्राम पंचायत हरचंदपुर में वृहद स्तर पर वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्र के बैंक मित्रों, ग्राहकों व अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुशील कुमार सिंह, निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पेज एक का शेष

### भारत ने हाथ

प्रमुख मोहसिन नकवी हैं जबकि आईसीसी अध्यक्ष भारत के जय शाह है। एशिया कप आईसीसी का नहीं बल्कि एसीसी का टूर्नामेंट है।

नकवी ने एक्स पर लिखा, पीसीबी ने क्रिकेट की भावना से जुड़े एमसीसी के नियम और आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मैच रैफरी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। पीसीबी ने मैच रैफरी को एशिया कप से तुरंत हटाने की मांग की है। पीसीबी ने पहले कहा था कि पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से टॉस के समय कहा था कि भारतीय कप्तान से हाथ नहीं मिलाये। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नवीद चीमा ने एसीसी के समक्ष शिकायत दर्ज करके आरोप लगाया है कि पायक्रॉफ्ट के कहने पर दोनों कप्तानों ने टीमशीट का आदान प्रदान नहीं किया। बीसीसीआई ने अभी तक पीसीबी के बयान का जवाब नहीं दिया है लेकिन समझा जाता है कि अगर भारत 28 सितंबर को फाइनल में पहुंचता है तो खिलाड़ी नकवी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। नकवी एसीसी प्रमुख होने के नाते विजयी टीम को ट्रॉफी दे सकते हैं। दोनों टीमों ने टॉस और वॉर्मअप के समय भी एक दूसरे से बात नहीं की। दोनों कप्तानों ने टीमशीट मैच रैफरी को सौंपी। पीसीबी ने इससे पहले बयान में कहा, टीम मैनेजर नवीद चीमा ने मैच के बाद हाथ नहीं मिलाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के बर्ताव का कड़ा विरोध किया है। यह खेल भावना और खेल के विपरीत आचरण है। विरोध के तौर पर हमने अपने कप्तान को मैच के बाद समारोह में नहीं भेजा।

### भयमुक्त व्यापार

करोड़ रुपये की सहायता भी उपलब्ध कराई है। उन्होंने बताया कि हेल्थकेयर, एग्री, बायोटेक, ब्यूटी और एन्वायरनमेंट जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय कार्य किया है। प्रगतिशील किसानों के प्रयासों से अन्य किसानों का जीवन भी बदल रहा है। पहले अनुसंधान लैब तक सीमित रह जाता था, लेकिन अब ह्यलैब टू लैंडह्ल और ह्यलैब टू इंडस्ट्रीह्ल की दिशा में काम हो रहा है। यही सहयोगी भावना स्टार्टअप्स को बाजार से जोड़ेगी और उनकी सफलता तय करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी आज ग्लोबल टेक और इनोवेशन हब के रूप में स्थापित हो रहा है। स्टार्टअप और स्टैंडअप की यह व्यवस्था आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगी। उन्होंने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि परंपरागत उद्योगों और एमएसएमई को तकनीक, डिजाइन, पैकेजिंग और मार्केट से जोड़ा गया। इसका नतीजा है कि आज यूपी से प्रतिवर्ष दो लाख करोड़ रुपये का निर्यात हो रहा है। 2017 से पहले प्रोत्साहन के अभाव में श्रमिकों और युवाओं का पलायन होता था, लेकिन अब 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में दो करोड़ लोग कार्यरत हैं। 75 जिलों के 77 उत्पादों को जीआई टैग मिला है, जिससे उनकी वैश्विक मांग बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एनबीआरआई ने जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए 9 लाख एकड़ भूमि पर किसानों को जैविक खाद उपयोग के लिए प्रेरित किया। सीडीआरआई नई दवाओं के शोध पर काम कर रहा है, जिससे फार्मा पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क को बढ़ावा मिल रहा है। आईआईटीआर ने आर्सेनिक और फ्लोराइड की समस्या वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण शोध किया है, वहीं सीमैप ने पिपरमिंट और स्पिरिचुअल टूरिज्म से जुड़े उत्पादों पर नई दिशा दी है। दो दिवसीय इस स्टार्टअप कॉन्क्लेव ने न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। इस अवसर पर विभिन्न स्तरों पर कई एमओयू का आदान-प्रदान हुआ और अनेक स्टार्टअप्स ने अपने उत्पाद लॉन्च किए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक एके शासनी, सीएसआईआर-सीडीआरआई के निदेशक राध रंगराजन, सीमैप के निदेशक सुबोध कुमार त्रिवेदी, आईआईटीआर के निदेशक भास्कर नारायण समेत देशभर के वैज्ञानिक, उद्योग जगत से जुड़े सीएमडी, सीईओ, वीसी, अकादमिक संस्थानों के प्रमुख, प्रगतिशील किसान और अन्य स्टेकहोल्डर्स मौजूद रहे।

### वक्फ के

पांच वर्षों से मुस्लिम धर्म का अनुपालन करना अनिवार्य है (धारा 3(आर)), इस पर तब तक के लिए रोक लगा दी गई है जब तक राज्य सरकारें यह जांचने के लिए नियम नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति मुसलमान है या नहीं। ऐसे किसी नियमाव्यवस्था के बिना, यह प्रावधान अधिकार के मनमाने प्रयोग को बढ़ावा देगा। एक अति महत्वपूर्ण हस्तक्षेप धारा 3 सी के संबंध में आया जिसमें वक्फ संपत्तियों की स्थिति का पता लगाने के लिए निर्दिष्ट सरकारी अधिकारियों को अधिकार प्रदान किए गए हैं। पीठ ने कानून की धारा 3सी(2) के एक प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया है कि किसी संपत्ति को तब तक वक्फ नहीं माना जाएगा जब तक कि किसी सरकारी अधिकारी की रिपोर्ट में यह पुष्टि नहीं हो जाए कि कोई अतिक्रमण नहीं है। इसमें धारा 3सी(3) के क्रियान्वयन पर भी रोक लगा दी जिसमें अधिकारी को किसी संपत्ति को सरकारी घोषित करने और उसके राजस्व रिकॉर्ड बदलने का अधिकार प्रदान किया गया है।

### पूरे देश में

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से मामले के निर्णय पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा, मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से हमें क्या फर्क पड़ेगा? अगर हमें लगा कि इसमें कुछ अवैधता है, तो हम इसे रद्द कर सकते हैं। इस बीच, न्यायालय ने आठ सितंबर के शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने का आग्रह करने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें निर्वाचन आयोग को बिहार एसआईआर में 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड को शामिल करने का निर्देश दिया गया था। निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने शुरू में पीठ से अनुरोध किया कि न्यायालय को एसआईआर प्रक्रिया का अंतिम मूल्यांकन होने तक सुनवाई स्थगित कर देनी चाहिए। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि निर्वाचन आयोग अन्य राज्यों में भी एसआईआर कवायद कराने की तैयारी कर रहा है।

### कांग्रेस ने बिहार

भवन का भी उद्घाटन किया। मोदी ने पूर्णिया-कोलकाता मार्ग पर पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कई केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, सांसद और विधायक उपस्थित थे। मोदी ने भागलपुर के पीरपैंती में 25,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 3800 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। यह राज्य में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा निवेश है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा इसे अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल, कम उत्सर्जन वाली तकनीक के आधार पर डिज़ाइन किया गया है। यह परियोजना बिजली प्रदान करेगी और बिहार की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करेगी। प्रधानमंत्री ने 2,680 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कोसी-मेची अंतर-राज्यीय नदी संपर्क परियोजना के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा यह परियोजना नहर के उन्नयन पर केंद्रित होगी-जिसमें नहर से गाद निकालना, टूटी हुई संरचनाओं का पुनर्निर्माण, और पानी जमने वाली जगह का नवीनीकरण शामिल है। साथ ही, नहर की पानी छोड़ने की क्षमता 15,000 क्यूसेक से बढ़ाकर 20,000 क्यूसेक की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना से पूर्वोत्तर बिहार के कई जिलों को सिंचाई विस्तार, बाढ़ नियंत्रण और कृषि लचीलापन का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने दिन में बिहार में रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा कई रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बिक्रमशिला-कटेरिया के बीच 2,170 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल लाइन की आधारशिला रखी। मोदी ने अररिया और गलगलिया के बीच 4,410 करोड़ रुपये की लागत से बनी नई रेल लाइन का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) खंड पर एक रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाई, जिससे अररिया और किशनगंज जिलों के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा और पूर्वोत्तर बिहार तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### हवाई विस्तार

बेंगलुरु देश की तकनीकी राजधानी है और वहां उत्तराखंड के हजारों युवा शिक्षा, सेवा और स्टार्टअप क्षेत्रों में कार्यरत हैं। अब उन्हें राज्य आने-जाने के लिए और अधिक सुविधाजनक, समयबद्ध और सुरक्षित विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बीते वर्षों में हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए नीति स्तर से लेकर अधोसंरचना तक कई बड़े फैसले लिए हैं। आज प्रदेश में पिथौरागढ़, चिन्यालीसौड़, गौचर, नैनीसैनी जैसे रीजनल एयरपोर्ट्स को सक्रिय किया जा रहा है, वहीं जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार का कार्य तेजी से चल रहा है, जो कुमाऊं क्षेत्र के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम होगा। इस अवसर पर एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा कि हमें देहरादून से परिचालन शुरू करके खुशी हो रही है, यह हमारा 58वां स्टेशन है। हम अपने सबसे बड़े घरेलू केंद्र, बेंगलुरु के लिए दैनिक सीधी उड़ानें शुरू कर रहे हैं। यह अहमदाबाद और चंडीगढ़ के बाद इस महीने लांच किया गया तीसरा नया स्टेशन है, जो हमारे नेटवर्क के तेजी से विस्तार को रेखांकित करता है। यह नया मार्ग न केवल उत्तराखंड को सीधे बेंगलुरु के आर्थिक और शैक्षिक केंद्रों से जोड़ता है, बल्कि पूरे भारत में 18 और शहरों के लिए सुविधाजनक वन- स्टॉप कनेक्शन भी प्रदान करता है। देहरादून-बेंगलुरु की पहली उड़ान देहरादून से 16:30 बजे रवाना हुई और 19:30 बजे बेंगलुरु पहुंची। इस लांच के साथ, देहरादून से यात्री बेंगलुरु के माध्यम से चेन्नई, गोवा, कोच्चि, कोझीकोड, मंगलुरु, उत्तरी गोवा, पुणे, रांची, तिरुवनंतपुरम, तिरुचिरापल्ली, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम सहित 18 गंतव्यों के लिए सुविधाजनक वन-स्टॉप कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं।

### भारत में

52.2 प्रतिशत हो गया जबकि जून 2025 में यह 51.2 प्रतिशत था। पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) बढ़कर अगस्त में 33.7 प्रतिशत हो गई है, जबकि जून में यह 32 प्रतिशत थी। इसका कारण ग्रामीण महिलाओं में श्रम बल भागीदारी दर बढ़कर अगस्त में 37.4 प्रतिशत हो गयी जो जून में 35.2 प्रतिशत थी। इसी अवधि के दौरान शहरी क्षेत्रों में यह 25.2 प्रतिशत से बढ़कर 26.1 प्रतिशत हो गयी।

### उप्र में सड़क

एक कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से चंदौली जिले के निवासी बृजेश श्रीवास्तव (52) यहां जिला एवं सत्र अदालत में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। रविवार को वह कहीं जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मृत्यु हो गई। जिला न्यायाधीश धर्मेंद्र पांडेय ने अस्पताल पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली। गोखपुर जिले के गोला-उरुवा मार्ग पर चंदौली गांव के पास सोमवार को सुबह एक स्कूल के बच्चों को ले जा रही बस ओवरटेक करने के चक्कर में पलट गई जिससे उस पर सवार सवार 11 बच्चे घायल हो गए। उनमें से दो के सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन फानन में उन्हें दूसरे स्कूल के बस से गोला कस्बा स्थित प्राइवेट अस्पताल लाया गया।




# महिला एकल में यूपी की मानसी सिंह क्वालीफायर के खिलाफ शुरू करेंगी अभियान



- योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट
- 16 सितंबर से होगी मुख्य ड्रॉ के मुकाबलों की शुरुआत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की स्टार शटलर मानसी सिंह को योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूनामेंट में महिला एकल में शीर्ष वरीयता दी गई है। मानसी सिंह क्वालीफायर खिलाड़ी महाराष्ट्र की क्वालीफायर मधुमिता नारायण के खिलाफ कल अभियान शुरू करेंगी। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के मुकाबलों की शुरूआत 16 सितंबर को सुबह 10 बजे से होगी। मुख्य ड्रा का निर्धारण सोमवार शाम किया गया। पुरुष व महिला एकल में 64-64, मिश्रित युगल, पुरुष युगल व महिला युगल में 32-32 का मुख्य ड्रा तैयार किया गया।
पुरुष एकल में दिल्ली के जिनपॉल एस, पुरुष युगल में तमिलनाडु के नवीन पी. व लोकेश वी., महिला युगल में कर्नाटक की शिखा गौतम व अश्विनी भट्ट और मिश्रित युगल कर्नाटक के अशिथ सूर्या व अमृता पी. शीर्ष वरीय होंगे। यूपी की अमोलिका सिंह को महिला एकल में 13वीं वरीयता, पुरुष युगल में यूपी के दिव्यम अरोड़ा व अर्श मोहम्मद को दसवीं वरीयता, महिला युगल में यूपी की सोनाली सिंह व तेलंगाना की अनघा राय को पांचवीं एवं यूपी की अमोलिका सिंह केरल की मेहरान रिजा को 11वीं वरीयता मिली है।

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना करेंगे उद्घाटन

टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन 16 सितंबर को दोपहर 3 बजे मुख्य अतिथि सतीश महाना (अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश विधानसभा) द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास, सचिव डा.सुधर्मा सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़ भी मौजूद रहेंगे।

**मुख्य ड्रा में सीधा प्रवेश पाने वाले यूपी के खिलाड़ी:** टूनामेंट में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहने की उम्मीद है। मानसी सिंह व अमोलिका सिंह के नेतृत्व में यूपी की टीम महिला एकल में मजबूत दिख रही है। वहीं दिव्यम अरोड़ा व अर्श मोहम्मद की दसवीं वरीय जोड़ी भी चुनौती देने को तैयार है। मुख्य ड्रा में महिला एकल में मानसी सिंह व अमोलिका सिंह के अलावा तनीषा सिंह व आराध्या कुशवाहा को वाइल्ड कार्ड इंट्री मिली है। पुरुष एकल में अभ्यांश यादव व राजन यादव को वाइल्ड कार्ड इंट्री मिली है। पुरुष युगल में यूपी के तुषार गगनेजा आसाम के निबिर रंजन चौधरी को 13वीं वरीयता व यूपी के अस्मित सिंह व अर्चित सिन्हा को वाइल्ड कार्ड इंट्री मिली है। महिला युगल में यूपी की सोनाली सिंह व तेलंगाना की अनघा राय को पांचवीं एवं यूपी की अमोलिका सिंह केरल की मेहरान रिजा को 11वीं वरीयता मिली है। **यूपी के चार खिलाड़ी एकल के मुख्य ड्रॉ में:** पुरुष एकल में मेजबान खिलाड़ी अंश विशाल गुप्ता, अंकित कुमार, हर्षित तोमर और महिला एकल में यूपी की सिमरन चौधरी मुख्य ड्रा में पहुंच गए। पुरुष युगल में यूपी के प्रदीप चौधरी व शिवम श्रीवास्तव, महिला युगल में यूपी की तनीषा सिंह व कर्नाटक की नयासा करियप्पा, यूपी की रिधिमा सिंह व वंशिका ठाकुर और मिश्रित युगल में यूपी के दिव्यम अरोड़ा व दिल्ली की लिखिता श्रीवास्तव और यूपी के प्रदीप चौधरी व जम्मू-कश्मीर की उन्नति जराल मुख्य ड्रा में पहुंचे। क्वालीफाइंग राउंड से मुख्य ड्रा में पुरुष एकल में 32, महिला एकल में 32- 32, मिश्रित युगल में 16, पुरुष युगल में 16 व महिला युगल में 16 विजेता खिलाड़ी शामिल किए गए। **मुख्य ड्रॉ के प्रमुख मुकाबले:** शीर्ष वरीय उत्तर प्रदेश की मानसी सिंह क्वालीफायर खिलाड़ी महाराष्ट्र की क्वालीफायर मधुमिता नारायण के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। पुरुष एकल में दिल्ली के शीर्ष वरीय जिनपॉल एस का सामना क्वालीफायर कर्नाटक के ध्यान संतोष से होगा। महिला एकल में यूपी की अमोलिका सिंह का मुकाबला सिमरन चौधरी से होगा। यूपी की तनीषा सिंह, तरनजीत कौर और आराध्या कुशवाहा भी अन्य क्वालीफायर खिलाड़ियों से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में शीर्ष वरीय कर्नाटक के अशिथ सूर्या व अमृता पी. बनाम क्वालीफायर यूपी के दिव्यम अरोड़ा व दिल्ली की लिखिता श्रीवास्तव से भिड़ेंगे। क्वालीफायर यूपी के प्रदीप चौधरी व जम्मू-कश्मीर की उन्नति जराल, यूपी के बालकेसरी यादव व आदित्या यादव और पुरुष एकल में क्वालीफायर यूपी के अंश विशाल गुप्ता, अंकित कुमार, हर्षित तोमर सहित राजन यादव व अभ्यांश सिंह भी अभियान शुरू करेंगे।

# अगस्त माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये सिराज



दुबई। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा कि आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी जिनका मैं हिस्सा रहा हूं। सिराज ने कहा, मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षेप

### लक्ष्य, सात्विक और चिराग की नजरें चाइना मास्टर्स में सत्र के पहले खिताब पर

शेनजेन (चीन)। हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में यह लय कायम रखने उतरेंगे। पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आये हैं। उन्होंने हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा। मुझे अधिक आत्मविश्वास रखना होगा। पहले ही दिन से प्रक्रिया पर अडिग रहना होगा। आठवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचे, विश्व चैम्पियनशिप में दूसरा कांस्य जीता और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे। एशियाई खेल चैम्पियन जोड़ी हालांकि इस सत्र में खिताब नहीं जीत सकी है। उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। पिछले 16 महीने में यह उनका पहला फाइनल था। सात्विक ने रविवार को कहा था, हम जिस तरह से खेल रहे हैं, हम जीत सकते हैं। बस खुद पर भरोसा रखने की बात है। पिछले सप्ताह जापान के कोडाइ नराओका को हराने वाले आयुष शेट्टी का सामना चीनी ताइपै के छठी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा।

### स्पेन डेविस कप के अंतिम आठ में

मार्बेला (स्पेन)। स्पेन ने डेनमार्क के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत हासिल की और डेविस कप के अंतिम आठ में जगह बनाई लेकिन ऑस्ट्रेलिया इस तरह की वापसी करने में नाकाम रहा और बेल्जियम से 3-2 से हार गया। चेक गणराज्य ने फ्लोरिडा में खेले गए एक अन्य मुकाबले में अमेरिका को एक मैच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ के बिना स्पेन ने शुरुआती दो मैच गंवा दिए थे और वह युगल में भी एक सेट से पिछड़ रहा था, लेकिन इसके बाद जौम मुनार और पेड्रो मार्टिनेज ने अगस्टा होल्मग्रेन और जोहान्स इंगिल्डसन को l-6, 6-3, 6-2 से हराकर मेजबान टीम को वापसी दिलाई। मार्टिनेज को पहले उलट एकल में मैच प्वाइंट का भी सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने होल्गर रूण पर 6-l, 4-6, 7-6 (3) से जीत हासिल की। इसके बाद पाब्लो कारेनो बुस्टा ने एल्मर मोलर को 6-2, 6-3 से हराकर स्पेन को डेविस कप के इतिहास में पहली बार 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने भी 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की थी, जब एलेक्स डी मिनाउर ने जिजोउ बर्ग्स को 6-2, 7-5 से हराया जबकि रिंकी हिजिकाटा और जॉर्डन थॉम्पसन ने सैंडर गिले और जोरान व्लिगेन के खिलाफ युगल मुकाबले में 6-7 (7), 6-3, 6-4 से जीत हासिल की थी।

# हांगकांग ने श्रीलंका को दिया 150 रन का लक्ष्य

## एशिया कप: अंशुमन रथ ने 48, निजाकत खान ने 52 रन बनाए, चमीरा को 2 विकेट





दुबई। एशिया कप में ग्रुप-बी के चौथे मैच में हांगकांग ने श्रीलंका को 150 रन का टारगेट दिया। सोमवार को दुबई में श्रीलंका ने बॉलिंग चुनी। हांगकांग ने 4 विकेट खोकर 149 रन बना लिए। टीम से अंशुमन रथ ने 48 और निजाकत खान ने 52 रन बनाए। श्रीलंका से दुष्मंथा चमीरा ने 2 विकेट लिए।

हांगकांग के निजाकत खान ने 20वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने महीश तीक्षणा के ओवर की चौथी गेंद पर 2 रन लिए और अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। वे टी-20 एशिया कप में फिफ्टी लगाने वाले हांगकांग के दूसरे ही प्लेयर बने। उनसे पहले बाबर हयात ही 2 फिफ्टी लगा सके थे। 18वें ओवर में हांगकांग ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बॉल दसुन शनाका ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। हांगकांग के कप्तान यासिम मुर्तजा ने कट शॉट खेला, लेकिन थर्ड मैन पोजिशन पर कैच हो गए। मुर्तजा ने 5 रन बनाए।

17वें ओवर में हॉन्ग कॉन्ग के निजाकत खान कैच हो गए, लेकिन यहां नुवान थुषारा ने नो-बॉल फेंक दी थी। इस कारण वे आउट होने से बच गए। जीवनदान के वक्त वे 34 रन के स्कोर पर थे। हालांकि, निजाकत फ्री हिट पर 1 ही रन बना सके। हांगकांग ने 16वें ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बॉल दुष्मंथा चमीरा ने स्लोअर फेंकी। अंशुमन रथ बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन डीप मिड विकेट पर कैच हो गए। उन्होंने 48 रन बनाए। निजाकत खान ने अंशुमन रथ के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की। निजाकत खान ने अंशुमन रथ के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की। 15वें ओवर में अंशुमन रथ ने निजाकत खान के साथ तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। हांगकांग ने 57 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था।14वें ओवर में हांगकांग ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। ओवर की तीसरी बॉल महीश तीक्षणा ने वाइड फेंकी। इसी के साथ हॉन्ग कॉन्ग के 100 रन भी पूरे हो गए। 9वें ओवर में हांगकांग ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल पर वनिंदू हसरंगा ने बाबर हयात को स्टंपिंग करा दिया। हयात 10 गेंद पर 4 रन ही बना सके।श्रीलंका के कप्तान चरिथ असालंका ने सोमवार को यहां एशिया कप ग्रुप बी लीग मैच में हांगकांग के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# यूएई ने ओमान को हराकर सुपर चार में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी

अबुधाबी। कप्तान मोहम्मद वसीम और सलामी बल्लेबाज अलीशान शराफू के अर्धशतकों के बाद जुनैद सिद्दिकी (23 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सोमवार को यहां एशिया कप में ओमान को 42 रन से हराकर सुपर चार में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रखी।

वसीम ने 54 गेंद में 69 रन बनाये और वह आखिरी ओवर में आउट हुए। वहीं शराफू ने 38 गेंद में 51 रन की पारी खेलकर यूएई को बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 172 रन तक पहुंचाया। यह स्कोर घरेलू टीम की जीत के लिए काफी था और बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत उन्हें महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचा सकती है, बशर्ते भारत अपने आखिरी ग्रुप मैच में ओमान को हरा दे। ओमान की पूरी टीम 18.4 ओवर में 130 रनों पर सिमट गई। सिद्दिकी ने ओमान के दोनों सलामी बल्लेबाजों आमिर कलीम (02) और कप्तान जतिंदर सिंह (20) को आउट किया, तब टीम का स्कोर 23 रन था। बाएं हाथ के स्पिनर हैदर अली (22 रन देकर दो विकेट) ने फिर दो विकेट चटकाए जिससे सातवें ओवर में ओमान का स्कोर पांच विकेट पर 50 रन था और टीम मुश्किल में थी। आर्यन बिष्ट और विनायक शुक्ला ने पारी को संभालने की कोशिश की जिससे ओमान ने 10 ओवर में पांच विकेट पर 74 रन बना लिए। विकेटकीपर शुक्ला के साथ छठे विकेट के लिए 38 रन जोड़ने के बाद बिष्ट को मुहम्मद जवादुल्लाह (18 रन देकर दो विकेट) ने बोल्ड कर दिया। जवादुल्लाह ने फिर जितेन रामानंदी (13) का विकेट लिया। फिर सिद्दिकी ने भी अपने विकेटों की संख्या में इजाफा किया जिससे यूएई जीत के और करीब पहुंच गई। इससे पहले ओमान के लिये बायें हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज जितेन रामानंदी ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिये। शराफू ने दूसरे ही ओवर में शाह फैसल को आफ साइड में चौका लगाया। दूसरे छोर से हालांकि शकील अहमद ने किफायती गेंदबाजी की। शराफू ने फिर फैसल को मिडआन के ऊपर से शॉट लगाया जबकि बाहर जाती गेंद पर एक और चौका जड़ा। यूएई के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कप्तान वसीम ने आमिर कलीम के पहले ओवर में तीन चौके लगाये। बायें हाथ के 43 साल के स्पिनर कलीम ने इस ओवर में 14 रन दिये। शराफू ने मध्यम तेज गेंदबाज हसनैन शाह को लगातार तीन चौके लगाये। यूएई के बल्लेबाजों ने पावरप्ले में ही 50 रन बना लिये। ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह ने बायें हाथ के तेज गेंदबाज रामानंदी को गेंद सौंपी जिनका स्वागत शराफू ने आफ साइड पर चौके से किया। जतिंदर ने इसके बाद लेग स्पिनर समय श्रीवास्तव को लगाया लेकिन शराफू और वसीम ने उसे एक एक छक्का जड़ दिया। वसीम को अपनी पारी में जीवनदान भी मिला जिनका कैच हम्माद मिर्जा ने डीप में

# अफगानिस्तान के खिलाफ स्पिन चुनौती से पार पाना होगा बांग्लादेश को



अबुधाबी। बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को यहां एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा। बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था। अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा। अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

टीम इस प्रकार हैं:

**बांग्लादेश:** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदयोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी।

# हम पहलगाम पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाना चाहते थे: गंभीर



एजेंसी

दुबई। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत को अच्छी करार दिया लेकिन उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि टीम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने में सफल रही। टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स से बात करते हुए गंभीर ने कहा, यह अच्छी जीत है लेकिन टूर्नामेंट में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में हम पहलगाम हमले के पीड़ितों, सभी परिवारों और उनके साथ हुई घटनाओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहते थे। उन्होंने कहा, हम ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के लिए सशस्त्र बलों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम देश को गौरवान्वित और खुश करने का प्रयास करेंगे। इस मैच के बारे में गंभीर ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा, आप इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते, खासकर गेंदबाजों ने जिस तरह से गेंदबाजी की। अगर आप विरोधी टीम को 127 रन पर रोक रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आपने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कहा, हमने जिस तरह से शुरुआत की वह भी महत्वपूर्ण थी और खिलाड़ी दिन-प्रतिदिन अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गंभीर एक साल से भारतीय टीम के प्रभारी हैं और उनके कार्यकाल में मिश्रित परिणाम देखने को मिले हैं।राष्ट्रीय टीम के साथ अब तक के अपने समय के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने कहा, आप सेब और संतरे की तुलना नहीं कर सकते। कुछ लोगों को बदलाव स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रहा होगा, लेकिन हमने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखा है, सहयोगी स्टाफ ने उनका समर्थन जारी रखा है और हम भविष्य में भी अच्छे परिणाम हासिल करते रहेंगे।

# लखनऊ में पिकलबॉल ओपन डबल्स चैम्पियनशिप सम्पन्न

लखनऊ। लखनऊ में आयोजित चैंप्स ऑफ अवध 2.0 - पिकलबॉल ओपन डबल्स चैंपियनशिप का आयोजन 14 सितम्बर को सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और डबल्स फॉर्मेट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया समापन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय साइक्लिंग खिलाड़ी अंश पाण्डेय उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. पाण्डेय ने कहा कि विजेता खिलाड़ियों को आगामी उत्तर प्रदेश ओपन पिकलबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। प्रतियोगिता परिणाम में **स्वर्ण पदक** -प्रतीक त्यागी एवं सना सुरंगना अवस्थाना, **रजत पदक** -अनंत जांगवाल एवं वैभव, **कांस्य पदक**-पवनदीप आनंद एवं अनुजय।

**फाइनल स्कोर**

सना सुरंगना अवस्थाना / प्रतीक त्यागी 12, अनंत जांगवाल / रुतिक सिंह 10,पवनदीप आनंद/अनुजय अनस्टार 11, स्वप्निल राय / ईशान रॉय 5,यह प्रतियोगिता 13 सितम्बर, शनिवार को शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य अर्चित सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण रहे प्रतीक त्यागी और सना सुरंगना अवस्थाना, जिन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

# भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047 दस्तावेज जारी

## मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा



कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर में अनुकरणीय भूमिका के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मोदी ने यहां विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047 दस्तावेज भी जारी किया। बयान में कहा गया है कि यह दस्तावेज भविष्य के लिए तैयार भारतीय सशस्त्र बलों का मार्ग प्रशस्त करता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल हुए, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस तरह का पहला सम्मेलन है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि नियंत्रण रेखा के पार और पाकिस्तान के भीतर आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने सटीकता, पेशेवर अंदाज और उद्देश्य को मूर्त रूप देते हुए तीनों सेनाओं की संतुलित प्रतिक्रिया प्रदर्शित की। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों ने भी भाग लिया। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है, रणनीतिक मुद्दों की एक विस्तृत शृंखला पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, जिसमें सेना का आधुनिकीकरण, संयुक्तता, एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय युद्ध के लिए परिचालन तत्परता को बढ़ाना शामिल है। यह द्विवार्षिक सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है, जो देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। साथ ही इसमें विभिन्न रैंक के अधिकारियों के साथ संवाद सत्र भी होते हैं। इस वर्ष 16वां सम्मेलन आयोजित किया जा रहाहै जिसमें सुधारों, परिवर्तन, बदलाव और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका विषय है सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन। रक्षा अधिकारी ने कहा, सम्मेलन का ध्यान संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण के प्रति सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही बहु-क्षेत्रीय अभियानगत तैयारियों के उच्च स्तर को बनाए रखना भी इसमें शामिल है। आखिरी संयुक्त कमांडर सम्मेलन 2023 में भोपाल में हुआ था। पिछले पांच महीनों में मोदी का यह चौथा और एक महीने के भीतर दूसरा बंगाल दौरा है। प्रधानमंत्री असम से रविवार शाम कोलकाता पहुंचे। वह राजभवन से सुबह करीब साढ़े नौ बजे विजय दुर्ग पहुंचे।

# राहुल गांधी ने अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया



चंडीगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पंजाब में अमृतसर और गुरदासपुर जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से बातचीत की। इस दौरान राहुल के साथ पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा, अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला, गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेता भी थे।

अमृतसर पहुंचने के बाद राहुल गांधी अमृतसर के अजनाला स्थित घोनेवाल गांव गए और बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। घोनेवाल गांव, अजनाला के उन कई इलाकों में से एक है जो बाढ़ के पानी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। राहुल बाढ़ प्रभावित कुछ लोगों के बीच बैठे और उनसे बातचीत की। घोनेवाल गांव का दौरा करने के बाद, राहुल गांधी ने अमृतसर के रामदास क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब में मत्था टेका। उन्होंने गुरुद्वारे में अरदास में भाग लिया। गुरुद्वारे में गांधी को एक सिरोपा (सम्मान स्वरूप वस्त्र) भेंट किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी मौजूद थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बाद में गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक स्थित बाढ़ प्रभावित गुरचक गांव का दौरा किया।

सांसद सुखजिंदर रंधावा ने राहुल गांधी को बाढ़ से प्रभावित खेत दिखाए। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गांधी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और राहत कार्यों का जायजा लिया। पोस्ट में हिंदी में लिखा गया है, पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ ने हजारों लोगों का जीवन तबाह कर दिया है। राज्य में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है, लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। स्थिति बेहद विकट है। ऐसे कठिन समय में, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पंजाब के साथ है। हम सभी से अपील करते हैं कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद करें।

## संक्षेप

### कतर कर रहा शिखर सम्मेलन का आयोजन


दुबई। राजधानी दोहा में हमास के नेताओं पर इजराइल द्वारा पिछले सप्ताह किए गए हमले के खिलाफ कतर सोमवार को एक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। कतर को उम्मीद है कि इस शिखर सम्मेलन में अरब और इस्लामी देशों का एक समूह इजराइल को नियंत्रित करने का तरीका सुझाएगा, क्योंकि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ उसके हमले जारी हैं। हमास के नेताओं पर यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब कतर इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में संघर्ष विराम करवाने के लिए एक प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। कतर ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस हमले के बावजूद दोनों के बीच संघर्ष विराम करवाने के लिए प्रयास करता रहेगा। कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने रविवार को एक बैठक में कहा, अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोहरे मापदंड अपनाना बंद करे और इजराइल को उसके द्वारा किए गए सभी अपराधों के लिए दंडित करे। यह स्पष्ट नहीं है कि शिखर सम्मेलन से क्या हासिल हो पाएगा, क्योंकि कुछ देशों के पहले से ही इजराइल के साथ कूटनीतिक संबंध हैं और वे अपने संबंध तोड़ने में संकोच कर सकते हैं।

# इजराइल के हमले कतर की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन

नयी दिल्ली। भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने कहा है कि हाल में हमास के नेताओं को निशाना बनाकर दोहा पर किए गए इजराइल के हवाई हमले कतर की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता खुला उल्लंघन है। इजराइल ने पिछले सप्ताह कतर की राजधानी दोहा को निशाना बनाकर हमले किए थे।

इससे पहले वह इसी तरह सीरिया, ईरान और लेबनान पर भी हमले कर चुके है, जिससे वैश्विक स्तर पर आक्रोश फैल गया। इलाही ने रविवार को पीटीआई वीडियोज से बात करते हुए कहा, पिछले एक साल में यह तीसरी बार है जब इजराइल ने उन क्षेत्रीय समूहों या नेताओं पर सीधे हमला किया है जो संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मेज पर गए थे। उन्होंने कहा कि पहले लेबनान, ईरान में और अब कतर में ऐसा हुआ। ईरानी दूत ने कहा कि वार्ता में शामिल पक्षों पर हमला करने का अर्थ स्पष्ट है कि इजरायल शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान में विश्वास नहीं करता। वह वार्ता को विरोधियों को कमजोर करने या खत्म करने के अवसर के रूप में देखता है।

# सरकार का पांच साल में वाहन क्षेत्र को शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य: गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि वाहन क्षेत्र सरकार को सबसे अधिक जीएसटी राजस्व देता है और रोजगार के अवसर पैदा करता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य पांच साल के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष स्थान वाला बनाना है। गडकरी ने बताया कि देश में दुनिया की सभी बड़ी वाहन कंपनियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। अब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। इस समय अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है। उसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान है। मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने कहा, हमें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करना होगा।

# प्रवासी विरोधी रैली में एलन मस्क की टिप्पणियों की निंदा



लंदन। प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर को सोमवार को एलन मस्क पर प्रतिबंध लगाने की मांग का सामना करना पड़ा। यह मांग एक्स और टेस्ला के मालिक की ओर से एक आव्रजन-रोधी रैली में की गई उस टिप्पणी के लिए की गई जिसमें उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में हिंसा हो सकती है और उन्हें लड़ना होगा या मरना होगा। स्टॉर्मर ने शनिवार को लंदन में अति-दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टॉमी रॉबिन्सन द्वारा आयोजित 1,00,000 से अधिक लोगों के यूनाइट द किंगडम प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की निंदा की।

पुलिस ने कहा कि 26 अधिकारी घायल हो गए, जिनमें से चार गंभीर हैं। पुलिस ने 25 लोगों को गिरफ्तार किया है और कहा कि अभी और गिरफ्तारियां की जाएंगी। वीडियो लिंक के माध्यम से प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मस्क ने संसद को भंग करने, समय से पहले चुनाव कराने और ब्रिटेन में सरकार बदलने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा, हिंसा भड़क सकती है, आप या तो जवाबी कार्रवाई करें या फिर जान दे दें। ब्रिटेन की संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एड डेवी ने स्टॉर्मर और विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता केमी बेडेनोच से आग्रह किया कि वे मस्क की निंदा करने में उनका साथ दें जो हमारी सड़कों पर हिंसा भड़काने और ब्रिटिश लोकतंत्र में दखलंदाजी का प्रयास कर रहे हैं। डेवी ने कहा कि उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि इसके परिणामस्वरूप एलन मस्क पर क्या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। समानता सबंधी मामलों के मंत्री जैकी स्मिथ ने कहा कि मस्क की टिप्पणी गलत और खतरनाक थी। वाणिज्य मंत्री पीटर काइल ने इन टिप्पणियों को समझ से परे और पूरी तरह से अनुचित करार दिया, लेकिन कहा कि प्रदर्शन से पता चलता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जीवित है। स्टॉर्मर ने मस्क की टिप्पणियों पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, शांतिपूर्ण विरोध हमारे देश के मूल्यों का मूल है। लेकिन हम उन पुलिस अधिकारियों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो अपना काम कर रहे हैं, और न ही हम इस बात को सहन करेंगे कि लोग अपनी पृष्ठभूमि या अपनी त्वचा के रंग के कारण हमारी सड़कों पर डर महसूस करें। यह पहली बार नहीं है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी मस्क ने यूरोप में कट्टर-दक्षिणपंथी और अति-दक्षिणपंथी हस्तियों का समर्थन किया है।

# नियामकीय उपायों से नवोन्मेषण को बढ़ावा मिलना चाहिए: सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियामकीय उपायों की जरूरत पर जोर दिया, जो तकनीकी नवोन्मेषण, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट विकसित भारत के लिए एआईः तेज आर्थिक वृद्धि के अवसर जारी करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम ऐसे नियामकीय उपाय नहीं चाहते हैं, जो सचमुच तकनीक को ही खत्म कर दें। हम ऐसे नियमन चाहते हैं जो जिम्मेदार अनुप्रयोग को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा, एआई तेजी से बढ़ रही हमारे वक्त की सच्चाई है। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती हैं। सीतारमण ने आगे कहा कि चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं हैं, बल्कि इस बात को लेकर भी हैं कि इनका दुरुपयोग कैसे रोका जाए। रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं तैयार करेगा, वहीं दूसरी ओर यह कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित भी करेगा। विशेष रूप से लिपिकीय और निम्न कौशल वाले क्षेत्रों में ऐसा होगा। उन्होंने एक संतुलित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है। इससे बहुत अधिक नियमन को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, भारत एक ऐसा देश है, जो किसी भी आने वाली अच्छी चीज को समझ सकता है, लेकिन कोई भी अच्छाई पूरी तरह अच्छी नहीं होती। कोई भी अच्छाई बिना शर्त नहीं होती। हमें इसका इस तरह इस्तेमाल करना चाहिए कि यह आम आदमी के हित में हो। उन्होंने कहा कि एआई एक ऐसी चीज है, जिसे हमें अपने काबू में रखना आना चाहिए और इसे आम आदमी की भलाई के लिए काम करना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि एआई तेजी से प्रगति कर रहा है और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें।

## इंटरटेनमेंट...

# एमी अवॉर्ड्स : द पिट ने ड्रामा में पुरस्कार जीता



लॉस एंजिलिस। कॉमिडी वेब शृंखला द स्टूडियो ने रविवार को एमी अवॉर्ड्स में कुल 13 पुरस्कार जीतकर एक सीजन में सबसे अधिक पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड बना लिया। वहीं, एडोलसेंस ने छह श्रेणियों में और द पिट ने ड्रामा श्रेणी में पुरस्कार जीता। द स्टूडियो की टीम और कलाकारों से घिरे सह-निर्माता सेठ रोगन ने कहा, इतने पुरस्कार जीतकर मेरी खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं है। रविवार रात लॉस एंजिलिस के पीकॉक थिएटर से सीबीएस पर प्रसारित एमी अवॉर्ड्स समारोह में सेठ रोगन को चार पुरस्कार मिले। उन्हें सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी शृंखला, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन (सह-निर्माता इवान गोल्डबर्ग के साथ) और सर्वश्रेष्ठ लेखन का पुरस्कार मिला। द पिट ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा शृंखला का पुरस्कार जीता, जबकि इसके मुख्य कलाकार नोआ वाइल को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। कैथरीन ला नासा ने एचबीओ मैक्स की मेडिकल ड्रामा शृंखला के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। यह शृंखला सभी को चौंकाते हुए सेवरेंस और द व्हाइट लोटस जैसी बड़ी शृंखलाओं को पछाड़ कर ट्रॉफी जीतने में सफल रही। नेटफ्लिक्स की एडोलसेंस को कुल छह एमी पुरस्कार मिले। यह एक 13 वर्षीय ब्रिटिश बच्चे की कहानी है, जिस पर हत्या का आरोप लगता है। इसके सह-निर्माता स्टीफन ग्राहम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और 15 वर्षीय ओवेन कूपर को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। ओवेन पिछले 40 वर्षों में सबसे कम उम्र के एमी विजेता बन गए हैं। एरिन डोहर्टी को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। उन्होंने एडोलसेंस में एक थैरेपिस्ट की भूमिका निभाई थी। क्रिस्टिन मिलियोटी ने लिमिटेड सीरीज द पेंगुइन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। एमी अवॉर्ड्स में यह एचबीओ की इस शृंखला की पहली जीत थी। इससे पहले यह सीरीज क्रिएटिव आर्ट्स अवॉर्ड्स में आठ पुरस्कार जीत चुकी है यह बैटमैन की कहानी से जुड़ी है। ब्रिट लॉवर और ट्रामेल टिलमैन ने सेवरेंस के लिए अपना-अपना पहला एमी पुरस्कार जीता। एप्पल टीवी प्लस की यह सीरीज ऑफिस के माहौल को एक अनोखे अंदाज में पेश करती है। लॉवर को ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और टिलमैन को ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। जीन स्मार्ट ने हैक्स के लिए कॉमेडी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। यह उनका लगातार चौथा अवॉर्ड है। साथ ही, वह इस श्रेणी में जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला भी बन गई हैं। उनकी सह-कलाकार हन्ना एनबिंडर ने कॉमेडी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जीत के बाद अपने भाषण के अंत में एनबिंडर ने अमेरिका की आव्रजन एवं सीमा शुल्क एजेंसी की आलोचना की और कहा फलस्तीन को मुक्त करो।

# मिराई : सुपर योद्धा ने बॉक्स ऑफिस पर कमाए 81.2 करोड़



नयी दिल्ली। तेलुगु अभिनेता तेजा सज्जा द्वारा अभिनीत फिल्म मिराईः सुपर योद्धा ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 81.2 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म 12 सितंबर को विश्वभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई। इस फिल्म के निर्देशक कार्तिक गट्टमनेनी हैं और इसमें मन्चू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जगपति बाबू और जयराम ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। पीपल मीडिया फैक्टरी कंपनी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बॉक्स ऑफिस की कमाई की जानकारी साझा की। फिल्म ने पहले दिन 27.20 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 28.4 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 25.6 रुपये करोड़ रुपए कमाए।

# पवन कल्याण ने पूरी की उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग




नयी दिल्ली। अभिनेता पवन कल्याण ने अपनी आगामी फिल्म उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग पूरी कर ली है। हरिश शंकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कल्याण के साथ राशि खन्ना और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी एक भारतीय पुलिस (आईपीएस) अधिकारी और उसकी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पुराने दुश्मनों द्वारा परिवार की हत्या के बाद अपनी मौत का नाटक करते हैं।

राशि खन्ना ने शनिवार शाम अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अभिनेता (पवन कल्याण) के साथ सेट पर ली गई एक सेल्फी साझा की। उन्होंने पवन कल्याण के साथ काम करने के अनुभव को एक सम्मान बताया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पवन कल्याण के लिए उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग पूरी हुई। इस फिल्म को उनके साथ साझा करना शानदार अनुभव था। यह मेरे लिए एक सच्चा सम्मान और यादगार अनुभव है जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com